26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 10 जून, 2026
अंक- 226 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित पीएम रहने का नरेंद्र मोदी ने हासिल किया गौरव



**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आजाद भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का गौरव हासिल कर लिया। श्री मोदी ने 26 मई 2014 को पहली बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। इसके बाद से वह देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार काम कर रहे हैं। लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में मंगलवार को उनके कार्यकाल के 4398 दिन पूरे हो गये। यह पंडित नेहरू के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में 4398 दिन के कार्यकाल के बराबर है। पंडित नेहरू 13 मई 1952 से 27 मई 1964 तक प्रधानमंत्री रहे थे। वैसे पंडित नेहरू आजादी के बाद 15 अगस्त 1947 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने थे, लेकिन तब वह निर्वाचित नहीं, बल्कि अंतरिम सरकार में प्रधानमंत्री थे। इससे पहले श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के 4077 दिन के लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के कार्यकाल से आगे निकल चुके हैं। श्रीमती गांधी 24 जनवरी 1966 से 24 मार्च 1977 तक लगातार प्रधानमंत्री रही थी। यद्यपि वह बाद में 1980 में भी प्रधानमंत्री चुनी गयीं थी।

# घरेलू कलह ने कोहराम मचाया बहू जली, सास ने ज़हर खाया

स्योहारा (चिंगारी)। सास बहू का झगड़ा इतना बढ़ा कि घर में कोहराम मच गया। बहू जल गई और सास ने जहर खा लिया। आनन-फानन में दोनों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से दोनों को हायर सेंटर रैफर कर दिया ।

मंगलवार की रात क्षेत्र के गांव गल्लाखेड़ी निवासी मिथलेश (45) पत्नी अतरसिंह अपनी बहू प्रियांशी (35) पत्नी अभिकांत का झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ा कि बहू संदिग्ध परिस्थितियों में जल गयी और सास ने जहर खाकर अपनी जान देने की कोशिश की। दोनों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। सास मिथलेश को स्योहारा सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। उधर बहू प्रियांशी को सीएचसी नूरपुर में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बिजनौर जिला अस्पताल रैफर किया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रियांशी पुत्री केहर सिंह निवासी आलपुर कैच जिला अमरोहा की शादी शाहपुर थाना कांठ निवासी सुनील से हुई थी। जिसके दो बेटे देव व देवांश है। कोरोना काल में सुनील की मौत हो गयी थी। बाद में प्रियांशी का ग्राम गल्लाखेड़ी निवासी अभिकांत से प्रेम प्रसंग हो गया। वर्ष 2021 में दोनों ने परिजनों के विरोध के बावजूद विवाह कर लिया। इसे लेकर परिवार में कलह रहने लगी। गत रात्रि लगभग 10 बजे सास मिथलेश और बहू प्रियांशी छत पर सोने के लिए गयी तो वहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान प्रियांशी नीचे गई और केन में रखे तेल को अपने ऊपर उंडेल लिया और आग लगाकर कमरा बंद कर लिया। चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़ा और प्रियांशी को कमरे से निकालकर आग बुझाई। लेकिन तब तक वह काफी झुलस चुकी थी। उधर सास मितलेश ने भी जहरीला पदार्थ खा लिया।

तुरन्त आवश्यकता
(नर्स की)
सिविल लाइन्स- प्रथम बिजनौर स्थित निवास पर बुजुर्ग महिला की देखभाल हेतु योग्य नर्स (अंशकालिक/पूर्णकालिक) की। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- मो. 9825119923


महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज
मात्र 5 लाख रुपयों में
100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।
आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध
सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-
अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234







# जिले की सभी ग्राम पंचायतों में चलेगा 'मेरा गांव सिंगल यूज पॉलीथीन मुक्त अभियान'

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद बिजनौर की समस्त ग्राम पंचायतों में 'मेरा गांव सिंगल यूज पॉलीथीन मुक्त अभियान' का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की गई तथा ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए गए। जानकारी के अनुसार 08 जून 2026 से 15 जून 2026 तक जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में यह विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल ग्रामीण परिवेश की स्थापना, सिंगल यूज पॉलीथीन के उपयोग पर रोक तथा कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देना है। अभियान के दौरान ग्राम सभाओं, नुक्कड़ नाटकों, रैलियों, दीवार लेखन, जनचौपालों एवं सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को पॉलीथीन के दुष्प्रभावों तथा स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत अपने क्षेत्र को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाएगी। सार्वजनिक स्थलों, नालियों, तालाबों एवं बाजारों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निर्धारित प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने निर्देश दिए कि अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, मुनादी और जागरूकता रैलियों के माध्यम से लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत लोगों को घरों से निकलने वाले कचरे का पृथक्करण करने, प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े या जूट के थैलों का उपयोग बढ़ाने तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही गांवों के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों का प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।

## अपात्रों के राशन कार्ड होंगे निरस्त

### राशन वितरण व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने पर जोर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की कार्यप्रणाली, राशन कार्ड सत्यापन, ई-केवाईसी प्रगति तथा खाद्य सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने के लिए राशन कार्ड धारकों का नियमित सत्यापन कराया जाए। उन्होंने कहा कि सत्यापन के दौरान अपात्र व्यक्तियों को चिह्नित कर नियमानुसार उनके राशन कार्ड निरस्त किए जाएं तथा केवल पात्र व्यक्तियों को ही योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने शेष बचे सभी राशन कार्ड धारकों की ई-केवाईसी प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उचित दर विक्रेताओं के माध्यम से लाभार्थियों को जागरूक कर शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए। खाद्य सुरक्षा के मुद्दे पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसका सीधा संबंध आमजन के स्वास्थ्य और जीवन से है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाबद्ध तरीके से रोस्टर तैयार कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाए तथा मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।






## गैंगस्टर एक्ट में पांच अभियुक्तों को पांच-पांच साल की सजा

**नगीना ( चिंगारी )।** नगीना पुलिस एवं अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी से 16 साल पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में न्यायालय ने पांच दोषियों को सजा सुनाई। अपर सत्र न्यायाधीश-06 की अदालत ने सभी आरोपियों को पांच-पांच वर्ष के कारावास और पांच-पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। पुलिस के अनुसार वर्ष 2010 में थाना नगीना क्षेत्र के गांव हुर्र नंगला निवासी हुकुम सिंह,सतेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह,कपेंद्र सिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 3( 1 ) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इस मामले की सुनवाई के दौरान स्थानीय पुलिस,मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप अदालत ने सभी पांच अभियुक्तों को दोषी करार दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत अपराधियों को सजा दिलाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में यह सफलता मिली है।




# देवस्थल में दूसरी बार तोड़फोड़, काली माता की मूर्ति खंडित

## सीसीटीवी फुटेज में युवक हुआ कैद, जांच शुरू

बिजनौर (चिंगारी)। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर देहरी में 12 दिन के भीतर दूसरी बार शरारती तत्वों द्वारा देवस्थल में तोड़फोड़ कर मूर्ति खंडित किए जाने की घटना से ग्रामीणों और हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आरोपी को तलाशा जा रहा है। ग्राम मलकपुर देहरी निवासी रतिराम सिंह के खेत में चंदपुरा मार्ग पर दर्रे वाले नाम से प्रसिद्ध देवस्थल स्थित है। यहां भगवान शिव परिवार सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित हैं। 28 मई को भी अराजक तत्वों ने यहां तोड़फोड़ कर तीन मूर्तियों को खंडित कर दिया था। उस समय एक मानसिक रूप से बीमार युवक पर घटना का आरोप लगा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेने के बाद पूछताछ कर परिजनों को सौंप दिया था। बाद में ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से हरिद्वार से नई मूर्तियां लाकर पुनः स्थापित कराई गई थीं। मंगलवार दोपहर फिर किसी व्यक्ति ने देवस्थल में घुसकर तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान काली माता की मूर्ति खंडित हो गई, जबकि अन्य मूर्तियां भी गिरा दी गईं। दोपहर में स्थानीय लोगों को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर सीओ नगीना राजेश सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार मौके पर पहुंचे और जांच की। सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर एक युवक दोपहर 1.06 बजे देवस्थल में प्रवेश करता दिखाई दिया। युवक जींस की पैंट और अन्य कपड़े पहने हुए नजर आ रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। लगातार दूसरी बार हुई घटना से लोगों में नाराजगी है और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग उठ रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विकास कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आसपास के गांवों में युवक की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही नई मूर्ति स्थापित कराने की भी तैयारी की जा रही है।

# नहटौर क्षेत्रवासियों से मिलीं रचना पाल, जाना उनका हालचाल



बिजनौर (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री डॉ. रचना पाल ने नहटौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर सैद, ऊमरी, बाखर नंगला, बरूकी, बांकपुर पमड़ावली आदि का दौरा कर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा केंद्र की मोदी सरकार की 12 साल की उपलब्धियों तथा उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. रचना पाल ने लोगों से आत्मीय मुलाकात करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों की आशीर्वाद, विश्वास और स्नेह से उन्हें जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। डॉ. रचना पाल के साथ सुखवीर सिंह, अंकुर, सुनील राजपूत, संजीव, वीरेंद्र कुमार शर्मा, ओमप्रकाश, मनोज कुमार, सुभाष, भूपेंद्र सिंह पाल, संजीव कुमार, ललित राणा, राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 के प्रथम चरण की प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

## 11 जून तक 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

बिजनौर (चिंगारी)। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी बिजनौर ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की। समीक्षा के दौरान विभिन्न तहसीलों में कार्य प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि धामपुर क्षेत्र में 1952 एचएलबी के सापेक्ष केवल 1379 एचएलबी का कार्य पूरा हुआ है। नजीबाबाद क्षेत्र में 265 के सापेक्ष मात्र 149 एचएलबी, नगीना में 1004 के सापेक्ष 834 एचएलबी तथा बिजनौर तहसील में 996 के सापेक्ष केवल 677 एचएलबी का कार्य पूरा किया गया है। इसी प्रकार चांदपुर तहसील में 1134 के सापेक्ष 871 एचएलबी, नजीबाबाद क्षेत्र में 1261 के सापेक्ष 1061 एचएलबी तथा नगीना/चांदपुर क्षेत्र में 146 के सापेक्ष 121 एचएलबी पूर्ण किए जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि 11 जून 2026 तक कुल एचएलबी के सापेक्ष 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है और सभी अधिकारी इसे अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी मानते हुए कार्यों का निस्तारण सुनिश्चित करें।

# योगी सरकार तीन तलाक और एसिड पीड़िताओं को देगी आवास योजना का लाभ

लखनऊ (चिंगारी)। योगी सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सशक्तीकरण को लेकर लगातार नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में योगी सरकार ने तीन तलाक तथा एसिड अटैक जैसी गंभीर सामाजिक त्रासदियों से प्रभावित महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार इन पीड़ित महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित करने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही निराश्रित महिलाओं को भी इन सभी योजनाओं का लाभ देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

## कई विभागों से समन्वय स्थापित कर एकत्रित किया जा रहा डाटा

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग तीन तलाक एवं एसिड अटैक पीड़ित महिलाओं के साथ निराश्रित महिलाओं का विस्तृत डाटा एकत्रित किया जा रहा है, ताकि पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जा सके।**

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L






9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount
4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे
या बुरी...

## महिलाएं और बैंकिंग

करीब चार दशक पहले 1975 में मैक्सिको में संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में वूमेंस वर्ल्ड बैंकिंग के जिस विचार ने जन्म लिया था, लगता है, अब वह भारत में साकार होने को है। देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक के मुखिया का पद एक महिला अरुंधति भट्टाचार्य संभाल चुकी है, तो उधर पूर्णतया महिला बैंक काम करना शुरू कर चुके हैं। यह स्थिति देश के बैंकिंग क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद जगाती है। कभी पूर्व, वित्तमंत्री पी. चिदंबरम ने घोषणा की थी कि एक हजार करोड़ की व्यवस्था के साथ हमारे देश में भी पहला ऑल वूमेन बैंक खोला जाएगा खुला भी। वैसे बैंकिंग में मौजूदा समय में शीर्ष पदों पर महिलाओं की जो उपस्थिति है, वह उनको गृहलक्ष्मी कहने के भारतीय संदर्भ को ही चरितार्थ करती है। भारतीय स्टेट बैंक के अलावा कई अन्य बैंकों के शीर्ष पदों पर भी महिलाएं विराजमान रही है। जैसे आईसीआईसीआई बैंक में चंदा कोचर तो इलाहाबाद बैंक में शुभलक्ष्मी पानसे, एक्सिस में शिखा शर्मा और यूनाइटेट बैंक ऑफ इंडिया में अर्चना भार्गव महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा चुकी हैं। बैंक ऑफ इंडिया में विजयलक्ष्मी अय्यर के साथ विदेशी बैंकों की भारतीय शाखाओं के प्रमुख के पद पर भी महिलाएं रही हैं। इससे दो चीजें बिल्कुल साफ हो गई हैं। पहली कि हिसाब-किताब में महिलाओं को कमजोर कहकर उन्हें रुपये-पैसे से दूर रखने की जो परिपाटी देश में सदियों से कायम रही है, वह सिरे से गलत साबित हुई है। दूसरे, महिलाएं घर की मुखिया के रूप में परिवार का संचालन नहीं कर सकती हैं, यह मिथक भी पूरी तरह टूट चुका है। सरकार ने जिस तरह पूर्णतया महिला बैंक बनाने की पहल की है, उससे प्रतीत हुआ है कि सरकार का ध्यान महिलाओं से जुड़े उस पहलुओं की तरफ गया है जिसकी वजह से सदियों से देश के पितृसत्तात्मक समाज में उनकी स्थिति सबसे कमजोर, बल्कि दीन-हीन याचक जैसी बनी हुई है। पर क्या इन तब्दीलियों और कोशिशों को सार्थक बदलाव माना जाए। सवाल है कि क्या इस प्रयास से देश की महिलाओं की आर्थिक हैसियत में कोई बदलाव आ पाएगा! आर्थिक आजादी यूं तो स्त्री और पुरुष, दोनों के लिए समान रूप से लागू होती है, पर तमाम अर्थों में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता कहीं ज्यादा मायने रखती है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए काम करने वाली संस्था- सेल्फ एम्प्लायड वूमेंस एसोसिएशन की संस्थापक और मैगसेसे अवार्ड विजेता इला भट्ट ने कहा था कि बैंक की पासबुक के बिना स्त्री की आजादी मुमकिन नहीं है।

# जातिगत राजनीति : विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा

## समाज को जोड़ने की बजाय तोड़ रही है पहचान की राजनीति




भारत विविधताओं का देश है, जहां अनेक जातियां, धर्म, भाषाएं और संस्कृतियां मिलकर 'एकता में अनेकता' की मिसाल प्रस्तुत करती हैं। किंतु विडंबना यह है कि लोकतंत्र की इस सुंदर व्यवस्था में जातिगत राजनीति का प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है। आज कई स्थानों पर चुनावी रणनीतियां और राजनीतिक समीकरण विकास, शिक्षा, रोजगार तथा जनकल्याण के बजाय जातीय गणित पर आधारित दिखाई देते हैं।


राजनीति का उद्देश्य समाज को दिशा देना और राष्ट्र के विकास को गति प्रदान करना होता है, लेकिन जब राजनीति जाति के आधार पर संचालित होने लगती है, तब उसका स्वरूप विकृत हो जाता है। जातिगत राजनीति समाज को जोड़ने के बजाय अलग-अलग वर्गों में बांटने का कार्य करती है। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव सामाजिक सद्भाव पर पड़ता है, जहां नागरिक स्वयं को पहले किसी जाति का प्रतिनिधि और बाद में राष्ट्र का नागरिक मानने लगते हैं।

### विकास से भटकते मूल मुद्दे

जातीय ध्रुवीकरण के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग और आधारभूत सुविधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पीछे छूट जाते हैं। राजनीतिक दल भी कई बार जातीय समीकरणों को साधने में इतने व्यस्त हो जाते हैं कि जनहित के वास्तविक प्रश्न गौण हो जाते हैं। परिणामस्वरूप समाज का समग्र विकास प्रभावित होता है और योग्य व्यक्तियों को केवल जातीय पहचान के कारण अवसरों से वंचित होना पड़ता है।

### बढ़ता है सामाजिक वैमनस्य

जातिगत राजनीति का एक अन्य गंभीर दुष्परिणाम सामाजिक तनाव और आपसी अविश्वास है। जब किसी वर्ग को यह महसूस कराया जाता है कि उसकी पहचान ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है, तब अन्य वर्गों के प्रति दूरी और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। यह स्थिति समाज में सौहार्द और भाईचारे को कमजोर करती है तथा राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है।



विशेषज्ञों का मानना है कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सामूहिक चेतना और सामाजिक एकता में निहित होती है। जब व्यक्ति की पहचान उसकी योग्यता, चरित्र और कार्यों से होती है, तब समाज में समान अवसरों का वातावरण बनता है। समग्रता की भावना सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और विकास की गति को तेज करती है। एकजुट समाज में शिक्षा, रोजगार और संसाधनों का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचता है। इससे न केवल सामाजिक सद्भाव मजबूत होता है, बल्कि राष्ट्र भी अधिक शक्तिशाली और आत्मनिर्भर बनता है।

जातिगत राजनीति अल्पकालिक राजनीतिक लाभ तो दे सकती है, लेकिन दीर्घकाल में यह समाज और राष्ट्र दोनों के लिए हानिकारक सिद्ध होती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि राजनीति का केंद्र जाति नहीं, बल्कि विकास, शिक्षा, रोजगार, सुशासन और राष्ट्रहित बने। भारत तभी एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ सकेगा, जब हम जातीय सीमाओं से ऊपर उठकर मानवता, समानता और राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

**-विकास पंकज**
शिक्षाविद् एवं सामाजिक चिंतक

# अवैध नशे का कारोबार : युवा पीढ़ी के भविष्य पर सबसे बड़ा हमला

अवैध नशे का कारोबार आज भारतीय समाज के सामने खड़ी सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट का रूप ले चुका है। विशेष चिंता की बात तो यह है कि नशे की चपेट में सबसे अधिक युवा वर्ग आ रहा है, जो किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और भविष्य की नींव माना जाता है। नशीले पदार्थों की तस्करी और सेवन युवाओं के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। नशे की लत व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को कमजोर कर देती है, जिससे उसका जीवन शिक्षा, रोजगार और सामाजिक संबंध प्रभावित होते हैं। धीरे-धीरे वह अपने परिवार और समाज से कटने लगता है तथा कई बार अपराध की दुनिया की ओर भी बढ़ जाता है। आज बिजनौर के अनेक क्षेत्रों में नशे के अवैध कारोबार का जाल फैलता जा रहा है। तस्कर पुरुषों से लेकर महिलाएं हैं, जो युवाओं को आसान शिकार समझकर उन्हें अपने जाल में फंसाने का प्रयास करती हैं। तेज़ी से पैसे कमाने की लालसा और सामाजिक दबाव के कारण कुछ युवा स्वयं भी इस कारोबार का हिस्सा बन जाते हैं। परिणामस्वरूप चोरी, लूट, हिंसा और



अन्य आपराधिक घटनाओं में वृद्धि देखने को मिलती है।

सबसे दुखद स्थिति तब उत्पन्न होती है, जब परिवार का कोई सदस्य नशे की गिरफ्त में आ जाता है, इससे न केवल उसकी जिंदगी प्रभावित होती है, बल्कि पूरे परिवार की आर्थिक स्थिति, सामाजिक प्रतिष्ठा और मानसिक शांति भी नष्ट हो जाती है। कई परिवार कर्ज, तनाव और टूटते रिश्तों का शिकार हो जाते हैं।

इस समस्या से निपटने के लिए केवल पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है, समाज, परिवार, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक संगठनों, किसान सगठनों और जनप्रतिनिधियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। युवाओं को खेल, शिक्षा, रोजगार और सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। साथ ही नशे के दुष्परिणामों के प्रति व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए। सरकार को चाहिए कि नशा तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करते हुए उनकी आर्थिक गतिविधियों पर भी प्रभावी प्रहार करे। वहीं समाज को भी यह समझना होगा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया, तो नशा हमारी युवा पीढ़ी के सपनों, परिवारों की खुशियों और राष्ट्र के भविष्य को गंभीर क्षति पहुंचा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि नशे के इस ज़हर के खिलाफ समाज एकजुट होकर निर्णायक संघर्ष छेड़े।


नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद कर देता है। आइए संकल्प लें कि न स्वयं नशा करेंगे न किसी को नशे की ओर बढ़ने देंगे। युवाओं को जागरूक करें। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें और नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं, जब समाज जागेगा, तभी नशा हारेगा।

**-तैयब अली** (स्वतंत्र लेखक)

# डिवाइडर बना लोगों के जी का जंजाल



संजय कर्णवाल | मौ. रफीस | मानवेंद्र सिंह निमाना | सतपाल सिंह



**स. हरमन्दर सिंह की रिपोर्ट**

**खासपुरा ( चिंगारी )**। खासपुरा से गुजरने वाले स्टेट हाईवे-76 बिजनौर-मुरादाबाद मार्ग पर अनियमित तरीके से बना डिवाइडर वाहन चालकों के जी का जंजाल बन गया है। रात्रि में वाहन चालक अक्सर इस डिवाइडर से टकराकर घायल होते रहते हैं। गांव में कहीं डिवाइडर बनाया गया है, कहीं पर नहीं। नूरपुर की ओर से आते हुए सतकरतार फिलिंग स्टेशन से डिवाइडर स्टार्ट होता है, लेकिन गांव की आबादी के क्षेत्र में आते ही डिवाइडर बना हुआ नहीं है। इसके बाद आबादी क्षेत्र के आगे जाकर मंदिर से आगे डिवाइडर स्टार्ट होता है। आबादी क्षेत्र में डिवाइडर न होने के कारण राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कोहरे के दिनों में तो अक्सर प्रतिदिन कोई न कोई वाहन डिवाइडर से टकराता रहता है। उधर, इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता हेमंत प्रताप सिंह का कहना है खासपुरा में मार्ग की चौड़ाई काफी कम है। इसी कारण वहां से गुजरने वाली पूरी सड़क पर डिवाइडर नहीं बनाया गया था। नियम अनुसार स्पीड ब्रेकर लगाया जाएगा।

## ग्रामीणों का कहना है...

हाईवे पर फुटपाथ भी नहीं है, जिससे बुजुर्गों व स्कूली बच्चों को हाईवे के ऊपर ही चलना पड़ता है। - **संजय कर्णवाल**

गांव के आबादी वाले क्षेत्र में भी डिवाइडर बनना चाहिए और डिवाइडर के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी लगने चाहिए।

**-मो. रफीस।**

आएदिन दुर्घटना होती रहती हैं आधा अधूरा डिवाइडर दुर्घटना का मुख्य कारण

सड़क पार करना मतलब मौत को दावत देना। लो.नि.वि. को इस पर तुरत संज्ञान लेना चाहिए।

**-मानवेन्द्र सिंह निमाना।**

गांव से गुजर रहे हाईवे के दोनों और फुटपाथ भी नहीं बना है, जिसके कारण ग्रामीण हाईवे से पैदल गुजरने को विवश हैं, जिससे हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। डिवाइडर का निर्माण जल्द से जल्द होना चाहिए, क्योंकि इसके कारण एक्सीडेंट होते रहते हैं।

**-सतपाल सिंह सीनू।**

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

# श्री हनुमान धाम पर जिला पंचायत ने कराया भण्डारा



**किरतपुर ( चिंगारी )**। बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर कल श्री हनुमान धाम किरतपुर में जिला पंचायत बिजनौर द्वारा एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य यजमान विकास मिश्र एएमए रहे। हवन पूजन पंडित सूर्यदीप शर्मा ने कराया तथा सुंदरकांड भी कराया गया। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसमें मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, एसडीएम सदर श्रीमती रितु चौधरी, डीपीआरओ पीतम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, सूर्यमणि रघुवंशी, तिलकराज इंजीनियर, सुशील कुमार, अंकित कुमार, राजेश कुमार आदि जिला पंचायत के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे। हनुमान धाम के संस्थापक प्रदीप चौहान ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया



# संयुक्त आयुक्त ने किया जीएसटी संबंधी समस्याओं का समाधान

## नगीना में हुआ व्यापारी संवाद कार्यक्रम




व्यापारिक संवाद कार्यक्रम में अपने विचार रखते राज्यकर अधिकारी।

**नगीना ( चिंगारी )**। राज्य कर विभाग द्वारा आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में राज्यकर विभाग बिजनौर के संयुक्त आयुक्त राजीव कुमार आर्थर ने व्यापारियों की जीएसटी संबंधी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने जीएसटी 2.0 के अंतर्गत लागू किए गए नवीन तकनीकी बदलाव व सुधार से भी व्यापारियों को विस्तार से अवगत कराया। मंगलवार की दोपहर नहटौर मार्ग स्थित एक बैंकेट हाल के सभागार में राज्य कर विभाग (जीएसटी विभाग) के तत्वावधान में व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संवाद कार्यक्रम में संयुक्त आयुक्त राजीव कुमार आर्थर, उपायुक्त राज्य कर संजय सिंह, शैलेन्द्र कुमार, सहायक आयुक्त अभिनव सोनी, राज्यकर अधिकारी राजेश जोशी, अरुण कुमार आदि ने व्यापारियों को जीएसटी 2.0 के अंतर्गत लागू किए गए नवीन तकनीकी बदलाव व सुधारों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने व्यापारियों से समय पर फ़ाइल रिटर्न करने का आह्वान किया। उन्होंने स्क्रूटनी नोटिसों से संबंधित व्यापारियों की कई समस्याओं का समाधान किया और व्यापारी दुर्घटना बीमा व अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों के प्रोत्साहन, पंजीयन बेस व राजस्व वृद्धि तथा स्थानीय स्तर पर जीएसटी 2.0 सुधारों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से खंड स्तर पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। व्यापारियों ने अपनी कई समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस मौके पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अब्दुल कय्यूम राईन व महामंत्री पंडित सचिन शर्मा ने व्यापारियों की कई समस्याओं को लेकर संयुक्त आयुक्त को एक ज्ञापन भी दिया। वरिष्ठ जीएसटी अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार शोन के संचालन में आयोजित गोष्ठी में जीएसटी एक्सपर्ट तौसीफ आलम, काष्ठकला उद्यमी जुल्फिकार आलम, इरशाद मुल्तानी, खुर्शीद अहमद कुरैशी, सलीम मुल्तानी, व्यापारी नेता दीपक अग्रवाल, साहू सुयश अग्रवाल, अविरल मित्तल, अक्षांत चौहान, संजय गुप्ता, शरद कुमार शर्मा, सुशील अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विकास मल्होत्रा, शोभित गुप्ता, यशपाल सैनी, नवीन माहेश्वरी, वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार शोन आदि मुख्य तौर पर मौजूद रहे।



राज्यकर विभाग के संयुक्त आयुक्त को ज्ञापन देते व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अब्दुल कय्यूम राईन।

# भगवान के दरबार में भक्ति सर्वोपरि - राम रसिक महाराज

## कथा सुनकर भावविभोर हुए श्रद्धालु

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम टपरौला में आयोजित नौ-दिवसीय श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास पंडित राम रसिक जी महाराज ने भगवान श्री राम के वनवास काल के दो सबसे महत्वपूर्ण प्रसंगों— 'महर्षि अत्री के आश्रम आगमन और भिलनी शबरी पर कृपा' का अत्यंत मर्मस्पर्शी वर्णन किया। जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं की आंखें सजल हो गईं। भगवान के दरबार में जाति, कुल, धन या चतुराई का कोई महत्व नहीं है, वहां केवल भक्ति ही सर्वोपरि है।



मंगलवार को कथा व्यास पंडित राम रसिक जी महाराज ने मतंग ऋषि के आश्रम में रहने वाली शबरी के प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि शबरी ने केवल गुरु वचनों पर अटूट विश्वास करके जीवन भर प्रभु राम की प्रतीक्षा की। जब भगवान उसकी कुटिया में आए, तो प्रेम में व्याकुल शबरी ने चख-चखकर सबसे मीठे बेर प्रभु को अर्पित किए। भगवान ने बिना किसी संकोच के उन जूठे बेरों को खाकर यह सिद्ध किया कि वे ऊंच-नीच या जात-पांत नहीं, बल्कि केवल सच्चे प्रेम के भूखे हैं। व्यासपीठ से महाराज श्री ने नवधा भक्ति (नौ प्रकार की भक्ति) की व्याख्या करते हुए कहा कि भगवान के दरबार में जाति, कुल, धन या चतुराई का कोई महत्व नहीं है, वहां केवल भक्ति ही सर्वोपरि है। मुख्य यजमान सचिन चौहान एवं मनोरमा चौहान ने सपरिवार श्री रामचरितमानस की महाआरती की। आरती के बाद उपस्थित सभी भक्तों को विशेष रूप से 'शबरी के बेर' के प्रतीक स्वरूप फल और महाप्रसाद का वितरण किया गया। कथा में विनोद चौहान सपरिवार, रूपेश चौहान, हिमांशु चौहान, जगदीश सिंह, पवन मीणा, वीरेंदर सिंह, आशु चौहान, अभय चौहान, त्रिलोक, लोकेंद्र, जितिन प्रजापति, राजन, आशा देवी, निर्मला, विमला, रेखा, शिखा, शिल्पी, गौरी, ममता, आशी चौहान, नेहा, सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# गौवंश के लिए हरा चारा लेकर पहुंचे



**नहटौर ( चिंगारी )।** तुराबनगर स्थित गौशाला में पूर्व ब्लॉक प्रमुख मृणाल भारद्वाज व अन्य लोगों के द्वारा सामूहिक रूप से हरे चारे और गुड़ से गौवंश की सेवा की गई। इस दौरान घायल गौवंश का उपचार भी कराया गया। तुराबनगर स्थित गौशाला में 111 गौवंश है। जिनके लिए पूर्व ब्लॉक प्रमुख मृणाल भारद्वाज, विश्व हिंदू परिषद नेता नेपाल सिंह बालापुर, ओमपाल सिंह, मुकेश गामा आदि ने एक ट्राली हरा चारा लेकर पहुंचे। इस दौरान गंभीर रूप से घायल मिले गौवंश का उपचार भी कराया। साथ ही उन्होंने गौवंश की हालत को देखते हुए गौशाला के केयरटेकर व चिकित्सक से नाराजगी जताई।

# धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष ने किया गन्ने के खेतों का भ्रमण



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने ग्राम नींदड़ू, शहजादपुर तारू, परमावाला, लडावाला व मिमला आदि ग्रामों का भ्रमण किया। उन्होंने खेतों में पेड़ी प्रबंधन व फसल को रोगों एवं कीटों से बचाव हेतु आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने सीटीपीआर की डेचिंग, कीटनाशक स्प्रे करने का सुझाव देते हुए कहा कि सभी फील्ड स्टाफ अपने क्षेत्र की निगरानी रखें, जिससे फसल में कोई भी बीमारी और कीट का प्रकोप न होने पाए, यदि प्रकोप पाया जाता है तो तुरंत उसका उपचार करते हुए दवाइयों का इस्तेमाल करायें। जोनल इंचार्ज कामरान अहमद व नवनीत कुमार मौजूद रहे।

# 8 जुलाई को अमरनाथ जायेगी बस भक्तों के लिए अभी खाली हैं सीटें दस



**बिजनौर ( चिंगारी )। श्री गौरीशंकर अमरनाथ सेवा मण्डल बिजनौर ईकाई के संयोजक एस.के. बबली एड. ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी ए.सी. बस 8 जुलाई 2026 को शिव भक्तों को लेकर अमरनाथ जायेगी। यात्रा लगभग 10 दिन की है।**

एसके बबली ने बताया कि विगत 15 वर्ष से यह यात्रा चल रही है और अब तक 2000 भक्तों को नि:शुल्क दर्शन कराये जा चुके है। इस यात्रा में बाबा अमरनाथ, वैष्णो देवी, शिव खोड़ी, हिमाचल की पांचों देवियां, अमृतसर, गोल्डन टैम्पल, जलियावाला बाग और बाघा बार्डर भी शामिल है। इस यात्रा के संयोजक अखिल अग्रवाल मुरादाबादी, शंकर लाल अरबन बैंक और नानक चन्द खेड़ा हैं, यात्रा का संचालन गौरव खेड़ा करेंगे।

बबली ने बताया कि उनकी जानकारी में आया है कि 10 भक्त अपनी परेशानी की वजह से नहीं जा रहे है। इसलिए 10 सीट खाली हुई हैं, जो भी भक्त इच्छुक हो वो शीघ्र सम्पर्क करें, क्योंकि समय कम है। यात्रा की तैयारी पूर्ण हो चुकी हैं। भक्तगण निम्न लोगों से सीधे सम्पर्क करें- बबली एड. 9412215930, अखिल अग्रवाल 9837033386, शंकर लाल जी 9368563807, नानक चंद खेड़ा 9927281100, गौरव खेड़ा 9027246675

# पेट्रोल खत्म होने पर बाइक छोड़ भागे चोर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव से चोरी कर भाग रहे चोरों की बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया, जिसे वह छोड़ कर भाग गये। ग्रामीणों ने पीछा किया, लेकिन वह हाथ नही लगे। जानकारी के अनुसार ग्राम रवाना शिकारपुर निवासी अयूब पुत्र नन्हे के घर को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घर में घुसकर करीब दो लाख रुपये की नकदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। सुबह जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो उनके होश उड़ गए और गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने चोरों की तलाश करनी शुरू की तो एक मोटरसाइकिल मिली, जिसमें पेट्रोल नहीं था। ग्रामीणों ने मोटरसाइकिल पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्यवाही की बात कहते हुए चोरों की तलाश में कई टीमें गठित कर गिरफ्तारी के लिए लगा दी है।

# बड़े मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ कराया अन्त में आरती की, भंडारे का भोग लगाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** मंडी युवा व्यापार संगठन द्वारा बड़ी मंडी स्थित राजगढ़ियों की धर्मशाला में कल बड़ा मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ कराया गया। पुरोहित पंडित ऋषि राम शर्मा द्वारा कराए गए पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान राकेश अग्रवाल व भाजपा नेता पुरुषोत्तम अग्रवाल रहे। संगठन के अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू ने बताया त्रेता युग में सीताजी की खोज करते हुए हनुमान जी का अपने आराध्य देव श्री रामचंद्र जी से प्रथम मिलन हुआ था। उस दिन मंगलवार था इसलिए इस महीने में मंगलवार का महत्व बढ़ जाता है और इसे बडा मंगलवार कहते हैं। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ एवं हनुमान जी की आरती के उपरांत भंडारे का भोग लगाया गया। अध्यक्ष अजय कुमार पिंटू, कोषाध्यक्ष मनोज धनौरिया, महामंत्री नवनीत धनौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपुल जैन, विकास कुमार, विकास जैन, विवेक अग्रवाल, राकेश कुमार, संजय कुमार, राजेश कुमार, विनोद कुमार अग्रवाल, अभिषेक मोदी, पराग गुप्ता, पंकज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# लोगों को गर्मी ने झुलसाया, वसीम ने ठंडा शर्बत पिलाया

**धामपुर ( चिंगारी )।** भीषण गर्मी और तेज धूप से राहत दिलाने के उद्देश्य से धामपुर के कालागढ़ मार्ग पर एपी वसीम के सौजन्य से शर्बत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों राहगीरों, यात्रियों और स्थानीय लोगों ने शर्बत पीकर अपनी प्यास बुझाई और आयोजकों की इस जनसेवा की सराहना की। इस अवसर पर एपी वसीम पत्रकार ने कहा कि समाज सेवा और मानवता की भावना से प्रेरित होकर यह शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में जरूरतमंदों और राहगीरों की सहायता करना हम सभी का सामाजिक दायित्व है। शर्बत वितरण करने वालों में आमिर अंसारी, सादिक अंसारी, फहीम अंसारी, नदीम अहमद, मोहम्मद विशाल, सरफराज उर्फ छोटू भाई, अजीम, फैजान आदि मौजूद रहे।

# शिविर में भाग लेने हरिद्वार पहुंचे किसान



**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ब्लॉक धामपुर से सैकड़ों की संख्या में किसान राष्ट्रीय चिंतन शिविर में भाग लेने हरिद्वार पहुंचे। किसान धामपुर रेलवे स्टेशन के अपोजिट पिलखन के नीचे इकट्ठे हुए और ट्रैक्टर ट्रालियों से हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया। ब्लॉक अध्यक्ष अजय चौहान एवं दुष्यंत राणा जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में अरविंद राजपूत, दिनेश कुमार, कुशल पाल सिंह, यश कुमार, भानु प्रताप सिंह, सुनील प्रधान, गजेंद्र सिंह सहित सैकड़ों किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से हरिद्वार के लिए रवाना हुए।

# मानसून को लेकर सरकार अलर्ट



## सीएम धामी ने अफसरों को दिए सख्त निर्देश

देहरादून (चिंगारी)। उत्तराखंड में संभावित मानसून सीजन को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक कर सभी जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के दौरान जनहानि और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम रखने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं।

बैठक में भूस्खलन, बाढ़ और भू-कटाव संभावित क्षेत्रों का चिन्हीकरण कर संवेदनशील गांवों, स्कूलों, अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए। चारधाम यात्रा मार्गों, राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों की विशेष निगरानी के साथ बंद मार्गों को शीघ्र खोलने के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री ने संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं की अद्यतन सूची तैयार रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर हेली एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही 15 नवंबर 2026 तक प्रदेश की सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने और पिछले वर्ष की आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में शेष कार्य मानसून से पहले पूरा करने को कहा। सीएम धामी ने डेंगू, मलेरिया और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने, जीवनरक्षक दवाओं और एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और फायर सर्विस को 24 घंटे सतर्क रहने तथा नियमित मॉक ड्रिल आयोजित करने को कहा गया। बैठक में बताया गया कि कैंचीधाम में यातायात दबाव कम करने के लिए कैंचीधाम बाईपास को बुधवार से आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को बेहतर समन्वय के साथ मानसून की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए।

# निकायों की समस्याओं के समाधान को सरकार प्रतिबद्ध

## विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी कोई बाधा : मंत्री राम सिंह कैड़ा



देहरादून (चिंगारी)। उत्तराखंड सरकार शहरी क्षेत्रों के विकास और नगर निकायों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। निकायों में चल रही विकास योजनाओं को गति देने और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बुधवार को राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय के मंथन सभागार में प्रदेश के सभी नगर निगमों की विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शहरी विकास मंत्री राम सिंह कैड़ा ने की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न नगर निगमों के महापौर, नगर आयुक्त, विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

शहरी विकास मंत्री ने बताया कि प्रदेश में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के लिए 500 अतिरिक्त कूड़ा संग्रहण वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन वाहनों की निगरानी और कार्यप्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए एक विशेष मोबाइल एप भी लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान को मजबूती देने के लिए हाल ही में 63 सफाई निरीक्षकों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए गए हैं। मंत्री कैड़ा ने बताया कि नगर निकायों में लंबे समय से रिक्त पड़े अधिशासी अधिकारी, अपर अभियंता और राजस्व निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की जा चुकी हैं। इन नियुक्तियों से विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और प्रशासनिक कार्यों में सुधार होगा।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, मरगूब अहमद निवासी मोहल्ला कस्साबान अपने पुत्र मोहम्मद फ़ैसल को उसके अनुचित आचरण एवं पारिवारिक संबंधों में विघ्न उत्पन्न करने के कारण दिनांक 09/06/2026 से अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति तथा पारिवारिक अधिकारों से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरे पुत्र मोहम्मद फ़ैसल द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के लेन-देन, ऋण, वाद-विवाद अथवा अन्य कार्यों के लिए मैं एवं मेरा परिवार उत्तरदायी नहीं होंगे।

**-मरगूब अहमद निवासी मोहल्ला कस्साबान, नगर पंचायत मंडावर, ज़िला बिजनौर 246721**

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का समापन

## बालक वर्ग में बागेश्वर, बालिका में हल्द्वानी विजयी

कोटद्वार (चिंगारी)। दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष स्व. दीपक मोहन बडोला की स्मृति में स्व. दीपक मोहन बडोला मेमोरियल स्मृति संस्था की ओर से आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का जीआईसी दुगड्डा के खेल मैदान में समापन हो गया है। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिता में बालक वर्ग का खिताब बागेश्वर और बालिका वर्ग का हल्द्वानी की टीम ने जीता। प्रतियोगिता के अंतिम दिन मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, विशिष्ट अतिथि आशीष नेगी, संदीप जोशी और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी जीपी जोशी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात खेले गए बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में बागेश्वर ने हल्द्वानी को पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया जबकि ऋषिकेश की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में हल्द्वानी ने नालंदा नैनीताल को हराकर खिताब अपने नाम किया। दुगड्डा की टीम तीसरे स्थान पर रही। आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप बड़ोला ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, अतिथियों, खेल अधिकारियों और स्थानीय लोगों का आभार व्यक्त किया।

# मसूरी में कूड़े के ढेर में लगी भीषण आग

## पांच घंटे की मशक्कत के बाद पाया गया काबू

मसूरी (चिंगारी)। पर्यटन नगरी मसूरी में कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। शहर के आइडियाज बिल्डिंग के समीप बड़ी मात्रा में एकत्रित सूखे कूड़े के ढेर में देर रात अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे क्षेत्र में धुएं का घना गुबार फैल गया, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर मसूरी पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। आग कूड़े के विशाल ढेर के भीतर तक फैल चुकी थी, जिसके कारण उसे बुझाना बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। दमकल कर्मियों ने लगातार पानी की बौछारें कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन भीतर सुलग रही आग बार-बार भड़कती रही। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तीन दमकल वाहनों को लगाया गया। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सका।



अग्निशमन विभाग के प्रभारी धीरज तड़ियाल ने बताया कि घटनास्थल के आसपास फायर हाइड्रेंट और पर्याप्त जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं होने से अभियान प्रभावित हुआ। दमकल वाहनों को बार-बार निकटवर्ती जल स्रोतों से पानी भरकर लाना पड़ा, जिससे आग बुझाने में अधिक समय लगा।वहीं नगर पालिका की स्वच्छता टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से कूड़े के ढेर को अलग-अलग कर राहत कार्य में सहयोग किया। अधिकारियों ने खुले स्थान पर बड़ी मात्रा में ज्वलनशील कचरा जमा किए जाने पर चिंता जताते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए बेहतर कूड़ा निस्तारण व्यवस्था की आवश्यकता बताई।

# अल्हैपुर क्षेत्र उद्योग व्यापार मंडल का गठन

## प्रेम कौशिक अध्यक्ष, चन्द्रशेखर बने महामंत्री



अल्हैपुर-धामपुर (चिंगारी)। यहां स्योहारा रोड स्थित मुनी देवी मंदिर के प्रांगण में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अल्हैपुर क्षेत्र की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन व्यापार मंडल के विस्तार को लेकर अल्हैपुर क्षेत्र में व्यापार मंडल का गठन किया गया, जिसमें संगठन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल एवं महामंत्री मनोज भटनागर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरु शरण सिंह मोहन की संस्तुति पर सभी व्यापारियों की सहमति से अल्हैपुर क्षेत्र के व्यापार मंडल का अध्यक्ष प्रेम कौशिक एवं महामंत्री चंद्रशेखर चौहान को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, महामंत्री मनोज भटनागर, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरु शरण सिंह मोहन का स्वागत किया गया। संचालन जिला महामंत्री मनोज भटनागर एवं चंद्रशेखर चौहान ने किया। अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार गुरु शरण मोहन ने की। बैठक में अल्हैपुर क्षेत्र के व्यापारी विपिन गुप्ता ,पुनीत कौशिक, अरविंद जैन, सुधीर अग्रवाल, पवित्र सिंह, अनिल कुमार, अशोक गोयल, संजय अग्रवाल, खुशीराम विश्वकर्मा, विनीत तिवारी, बाबू सिंह, हरिओम शर्मा, प्रवीण कुमार, विजय छाबड़ा सतीश शर्मा, गौतम शर्मा, मदन सिंह, करणवीर नागेंद्र, जगदीश नादिर, अरुण अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, बंटी, हरीश शर्मा, अभिनव गुप्ता, मनोज गुप्ता, कैलाश सिंह, अभिषेक चौधरी, गोपाल सिंह, शुभम कुमार, योगेश शर्मा, सुभाष कुमार अग्रवाल, चंद्रशेखर चौहान, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# मोटा अनाज कोदों की वैज्ञानिक खेती से श्री बलजीत सिंह को मिली नई पहचान

**सफलता की कहानी**

**लखनऊ (चिंगारी)।** किसान श्री बलजीत सिंह पुत्र श्रीराम किशोर सिंह जनपद सीतापुर के विकास खण्ड हरगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम क्योटिकला के मूल निवासी हैं और उनकी शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट है। वे कृषि संबंधी नवीन जानकारियों को समझकर व्यवहार में लाने में सक्षम रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद वे स्वभाव से जिज्ञासु, मेहनती और प्रगतिशील किसान हैं, इन्होंने खेती को पारम्परिक उपार्जन के बजाय आधुनिक वैज्ञानिक तकनीकों के साथ लाभदायक व्यवसाय के रूप में अपनाया है।

उत्तर प्रदेश की डबल इंजन सरकार माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में, मोटे अनाजों (मिलेट्स) सहित कोदों जैसी पौष्टिक फसलों के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय दोगुनी करने तथा अन्नदाता से उद्यमी बनाने की दिशा में निरन्तर प्रयासरत हैं। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, कृषि यंत्रों पर अनुदान, फसल बीमा, मृदा परीक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रमों तथा मोटे अनाजों के प्रचार-प्रसार से जनपद सीतापुर सहित प्रदेश में कोदों उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। विकास खण्ड हरगांव के ग्राम क्योटिकला के लगनशील कृषक श्री बलजीत सिंह की यह सफलता गाथा इन्हीं प्रयासों का प्रेरक उदाहरण है, जिन्होंने वैज्ञानिक खेती अपनाकर कोदों उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित किया।





श्री बलजीत सिंह लघु श्रेणी के कृषक हैं। उनके पास कुल लगभग 1.840 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसे उन्होंने समुचित योजना के साथ कोदों उत्पादन के लिए उपयोग में लिया। इतनी सीमित भूमि होने के बावजूद उन्होंने खेती को अपना मुख्य व्यवसाय मानते हुए भूमि के सूक्ष्म प्रबंधन, उचित फसल चक्र और उन्नत किस्मों के चयन के माध्यम से प्रति इकाई क्षेत्र में अधिकतम उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया। वे नियमित रूप से कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नवीनतम खेती विधा की जानकारी प्राप्त किये और कृषि विभाग द्वारा उन्हें नि:शुल्क बीज किट, कीट रसायन, कृषि यन्त्र और उर्वरक दिये गये। खेत की तैयारी में श्री बलजीत सिंह गहरी जुताई, पाटा तथा समतलीकरण पर विशेष ध्यान देते हैं, जिससे नमी संरक्षण, जल निकास और जड़ विकास बेहतर होता है। कोदों की बुवाई उन्होंने अनुशंसित कतार पद्धति से की, जिससे पौधे से पौधे तथा कतार से कतार की उचित दूरी बनी रही। वायु संचार एवं सूर्य प्रकाश की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हुई और पौधों की वृद्धि सुदृढ़ रही। मृदा परीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर उन्होंने संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाया, जिसमें नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश के साथ-साथ जैविक खाद और वर्मी कम्पोस्ट का समावेश किया, जिससे मृदा की उर्वराशक्ति में वृद्धि के साथ दीर्घकालिक स्थिरता भी बनी रहती है।

कृषि विभाग द्वारा आयोजित गोष्ठियों, प्रशिक्षणों एवं खेत दिवसों में नियमित भाग लेकर श्री बलजीत सिंह ने कोदों की उन्नत किस्मों, ट्राइकोडर्मा से बीजोपचार, उर्वरक प्रबंधन तथा कीट-रोग नियंत्रण के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी अर्जित की। उन्होंने फसल चक्र, अवशेष प्रबंधन, वर्मी कम्पोस्ट तथा जैविक विधियों को भी अपनी खेती में सम्मिलित किया, जिससे रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम हुई और उत्पादन लागत नियंत्रित रही। कोदों में कीटों तथा रोगों से बचाव हेतु उन्होंने अनुशंसित कीटनाशकों एवं फफूंदनाशकों का समयबद्ध प्रयोग किया, जिससे फसल स्वस्थ रहकर अपनी पूर्ण क्षमता से उत्पादन दे सकी। डबल इंजन सरकार के प्रोत्साहन तथा कृषि विभाग के तकनीकी मार्गदर्शन के बाद श्री बलजीत सिंह ने कोदों की उन्नत प्रजाति 'सी.जी. कोदो-3' को अपनाया, जो उच्च उपज क्षमता वाली प्रमाणित किस्म है। उन्होंने समय पर खेत की तैयारी, गुणवत्तायुक्त एवं शुद्ध बीज का उपयोग, अनुशंसित बीज दर, संतुलित उर्वरक एवं नमी प्रबंधन, निराई-गुड़ाई तथा कीट-रोग नियंत्रण की सम्पूर्ण वैज्ञानिक पैकेज ऑफ प्रैक्टिस को खेत में लागू किया। परिणामस्वरूप उनके खेतों में कोदों की फसल समान, मजबूत, लम्बी बालियों वाली तथा दाना भराई से परिपूर्ण दिखाई दी, जो सामान्य किसानों की फसलों की तुलना में कहीं अधिक थी।

---

# आज के माहौल में रियाजउद्दीन जैसे लोग फ़रिश्तों जैसे ही हैं

**-हिंदुस्तानी**



**आज का विचार**

आज हम देखते हैं अधिकांश लोग इतने आत्ममुग्ध और असंवेदनशील होते जा रहे हैं कि थोड़े से फायदे के लिये किसी की जान ले लेते हैं या ज़रा सा त्याग करना पड़ जाए तो मुंह फेरकर निकल जाते हैं। लेकिन संतोष की बात यह है कि दूसरों के लिये अपना सब कुछ न्यौछावर करने वाले रियाजउद्दीन जैसे संत लोग आज भी इसी दुनिया में मौजूद हैं।

रियाजुद्दीन मंसूरी मालवीयनगर दिल्ली के हौज रानी इलाके में गद्दे और रजाई की दुकान चलाते हैं। वे पिछले चालीस साल से वहां रहते और व्यापार करते हैं। उनके बेटे अरमान भी उनके साथ काम करते हैं। वे सिविल डिफेंस वॉलंटियर भी हैं। पिछले दिनों 4 जून को जब इलाके के मशहूर फ्लोरिश स्टे होटल में जब आग लगी तो कुछ लोग जान बचाकर भाग गए, कुछ ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, लेकिन रियाजउद्दीन ने मुसीबत के टाइम भी अपने होश हवास पर काबू रखते हुए वो किया जो वो कर सकते थे।

मालवीयनगर के हौज रानी में पांच मंजिला होटल में जिस समय भीषण आग लगी, तो लोग जान बचाने के लिए खिड़की से मदद मांग रहे थे, उस समय अफरा-तफरी का माहौल था। किसी को यह समझ नहीं आ रहा था कि जब तक फायर ब्रिगेड और सरकारी सहायता नहीं पहुंचे, तब तक इतनी बड़ी सीढ़ी कहां से लायें और इन लोगों की जान कैसे बचाएं। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई और अनेक जख्मी भी हुए हैं। मरने वालों में कई विदेशी मेहमान भी शामिल थे। होटल के सामने ही रियाजुद्दीन की रज़ाई-गद्दों की दुकान है। जब लोग ऊपरी मंजिलों से धुएं और लपटों से बचने के लिए खिड़कियों से कूदने को मजबूर हुए, तब रियाजुद्दीन मंसूरी और उनके बेटे अरमान ने तुरंत अपनी दुकान से दो दर्जन से अधिक गद्दे और रजाइयां निकालकर सड़क पर बिछा दीं। इससे कूदने वालों को गंभीर चोटों से बचाया गया।



रियाजुद्दीन

रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने कम से कम 8 से 10 लोगों की जान बचाई। कुछ मीडिया रिपोर्ट में इस संख्या को 20 तक भी बताया गया है। लेकिन यहां तादाद का सवाल नहीं है, बल्कि रियाजउद्दीन की नीयत इरादे और इंसानियत की भावना का है। उन्होंने उन मृतकों को ढकने के लिए चादर भी उपलब्ध कराईं, जिनको तमाम कोशिशों के बावजूद जलने, दम घुटने के कारण मरने से बचाया नहीं जा सका। मानवता के इस नेक काम में अगर आर्थिक नुकसान की बात करें तो रियाज़उद्दीन के लगभग दो से चार लाख रुपये के गद्दे रजाई का इस्तेमाल हुआ या जल गये, लेकिन उन्होंने इसकी फ़िक्र न करते हुए कहा कि 'इंसानियत के लिए आगे आए, कुछ जानें बच पाईं, यही सबसे बड़ी बात है।'

खबर है कि उन्हें सरदार पटेल सेवा दल जैसी संस्थाओं ने सम्मानित किया है और एक लाख रुपये की सहायता राशि दी गई है। समाजसेवी इंसानियत पसंद और आपसी भाईचारे में विश्वास रखने वाले लोग उनके लिए सरकार से पर्याप्त मुआवजे की मांग भी कर रहे हैं, क्योंकि उनका नेक काम के दौरान व्यापारिक नुकसान हुआ। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उनको सम्मानित करने और पुरस्कृत करने का ऐलान भी किया है, लेकिन यह नहीं पता आज की राजनीति के चलते यह काम कब होगा या होगा भी नहीं?

यह घटना इंसानियत और साहस की मिसाल बन गई है। रियाजुद्दीन जैसे आम नागरिकों ने दिखाया कि संकट के समय कोई भी फरिश्ता बन सकता है। रियाजउद्दीन ने डॉ. कुंवर बेचैन की इस सोच को ताज़ा कर दिया है...

**ग़मों की आंच पर आंसू उबालकर देखो,**
**बनेंगे हजारों रंग जो किसी पर भी डालकर देखो,**
**तुम्हारे दिल की चुभन भी ज़रूर कम होगी,**
**किसी के पांव से कांटा निकालकर देखो।**

# पीएम मोदी ने नया रिकॉर्ड बनाया, भाजपाइयों का मन हर्षाया

## मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दीर्घायु की कामना की, एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया



बिजनौर (चिंगारी)। श्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने वाले नेता बन गये हैं। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के 4398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी की इस उपलब्धि पर भाजपा कार्यकर्ता फूल नहीं समा रहे।

नई बस्ती स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हवन का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायू की कामना की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी, डॉ. बीरबल सिंह, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग मोनू, नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, डॉ. रचना पाल, सरिता सैनी, कपिल भाटिया, कपिल राजपूत, दुष्यंत सिंह, आशीष अग्रवाल, माया पाल, संजीव गुप्ता, अमित चौधरी, राजीवर सिंह, दिनेश सैनी, हितेष सैनी, पिंटू कुमार, संदीप शर्मा, चंदन, विजय कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे। पूजा पंडित कौशल व पंडित विभू कौशिक द्वारा कराई गई।

## ओमकुमार ने जाहरवीर मंदिर में किया हवन



नहटौर। श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भारत के सबसे अधिक दिनों तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनाने के उपलक्ष्य में क्षेत्रीय विधायक ओमकुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम नवादा चौहान स्थित बाबा जाहरवीर दीवान मंदिर में हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर बाबा जाहरवीर दीवान से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायू की कामना की गई। विधायक ओमकुमार ने भाजपा कार्यकर्ताओं व देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत निरंतर विकास, समृद्धि, सुशासन एवं आत्मनिर्भरता के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

## सिर में चोट लगने से हुई अर्शी परवीन की मौत

स्योहारा (चिंगारी)। अर्शी परवीन की मौत सिर में चोट लगने के कारण हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट लगने का खुलासा हुआ। स्योहारा के मोहल्ला कस्बा निवासी मकसूद की बेटी अर्शी की 13 जून को शादी होनी थी। कल 9 जून को एक हादसे में उसकी मौत हो गई। अर्शी परवीन अपने भाई दानिश के साथ मोटरसाइकिल से ग्राम मुकरपुरी में हजरत जी के पास अपनी शादी के लिये दुआ कराने जा रही थी कि रास्ते में चक्कर खाकर मोटरसाइकिल से गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजन बिना किसी कार्रवाई के उसे सुपुर्दे खाक करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने अर्शी की मौत को संदिग्ध मानते हुए शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया। पीएम के बाद अर्शी का शव घर लाया गया। उसके बाद सुपुर्दे खाक किया गया। जिस घर में तीन दिन बाद शहनाई गूंजनी थी, वहां मातम छा गया और जिस पिता को बेटी को ससुराल विदा करना था, उसके जनाजे को कंधा देना पड़ा। मोहल्ले में शोक का वातावरण बना हुआ है। पीएम की रिपोर्ट से अर्शी की मौत को लेकर चर्चाओं पर विराम लग गया।



लोक निर्माण विभाग के डाकबंगले पर हुये एक कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विगत 12 वर्षों में राष्ट्रहित में किये गये कार्यों की प्रशंसा की। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश का गौरव बढ़ाया। विकास अग्रवाल ने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल में भारत में अभूतपूर्व विकास कार्य हुये। कार्यक्रम में डॉ. भुवनेंद्र चौधरी, जावेद आलम, सतीश राजपूत, विकास अग्रवाल, विनीत राजपूत, शशांक अग्रवाल, उमर खान, महेंद्र राजपूत, पूर्व चेयरमैन डॉ. नवनीत गर्ग, राजेंद्र सिंह पूर्व जिला मीडिया प्रभारी, नीरज शर्मा, चौ. धीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बिजनौर।

पत्रांक 445/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2026–27 दिनांक –02.06.2026

–:: ई0 निविदा सूचना ::–

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बिजनौर द्वारा निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निम्न कार्य के लिए ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में क्लास ए0बी0सी0 एंव डी0 श्रेणी में पंजीकृत अर्ह ठेकेदार ही निविदा डालने हेतु अधिकृत होगें। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो की निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र में अंकित न्यूतम अर्हता एवं शर्तो के सम्बन्ध में जानकारी कार्यालय से की जा सकती है।

| | क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने का समय | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| विधायक निधि–धामपुर (स्वीकृति/धनराशि प्राप्ति की प्रत्याशा में) | | | | | | | | | |
| 1 | बिजनौर | स्योहारा में अली मेडिकल स्टोर के सामने से केन यार्ड तक सी0सी0 रोड निर्माण। | 20.384 | 0.41 | 2354.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 2 | बिजनौर | स्योहारा शुगर मिल के मेन रास्ते से यार्ड की ओर सी0सी0 रोड निर्माण। | 11.822 | 0.24 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| मा0 विधान परिषद सदस्य–अशोक कटारिया जी (स्वीकृति/धनराशि प्राप्ति की प्रत्याशा में) | | | | | | | | | |
| 3 | बिजनौर | विकासखण्ड–नूरपुर के ग्राम हलद्वा माफी में कल्याण सिंह के बाग से चन्द्रपाल सिंह के खेत तक खण्डंजा निर्माण कार्य। | 16.170 | 0.33 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 12.06.2026 को दोपहर 10.00 बजे से ।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः–12.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे से ।
4. प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः–22.06.2026को प्रातः 11.00 बजे से ।
5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय 12.06.2026 को प्रातः 10.00 बजे से ।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय 03.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक ।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 03.07.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा ।
9. निविदा ऑन–लाइन वैब साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साईट पर डाला जायेगा ।
10. उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत कार्य उपयोगिता स्तर तक कराया जायेगा।
11. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है . जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

(फिरोज दोस्त)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बिजनौर

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

R.O.No. 252332 Date: 09-06-2026
UPID.www.upgov.nic.in

*महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से*

# तीसरे व अंतिम दिन कड़े सुरक्षा प्रबंधो के बीच हुई पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

## केंद्रों पर सुबह से रही भारी भीड़

### कल 2342 परीक्षार्थी रहे थे गैर हाजिर

बिजनौर ( चिंगारी )। जिले में आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा के तीसरे व अंतिम दिन भी सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। कल मंगलवार को दोनों पालियों में कुल 8122 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी,जबकि 2342 अभ्यर्थी परीक्षा से गैर हाजिर रहे थे। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही और अभ्यर्थियों को सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। बुधवार को पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर सुबह से ही सभी 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की भारी भीड़ देखने को मिली। बड़ी संख्या में अभ्यर्थी देर रात ही जिले में पहुंच गए थे। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। अभ्यर्थियों की गहन तलाशी और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। डीएम जसजीत कौर और एसपी अभिषेक झा समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी दिनभर परीक्षा पर नज़र रखे रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था और परीक्षा संचालन से जुड़े व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में तीसरे व अंतिम दिन की परीक्षा भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।



# किसानों ने बिजली के लो वोल्टेज व खाद की समस्याएं रखी



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक नजीबाबाद की मासिक पंचायत गन्ना समिति में जिला उपाध्यक्ष मदन चौहान की अध्यक्षता एवं मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह के संचालन में आयोजित की गई, जिसमें किसानों की समस्याएं बिजली के लो वोल्टेज, खाद की समस्या, पीडब्ल्यूडी में भ्रष्टाचार, राजस्व विभाग खसरा खतौनी में गड़बड़ी आदि के हल की मांग की गई। 15, 16, 17, 18 जून को हरिद्वार में होने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आवाहन किया। बैठक में अजय कुमार, अवनीश कुमार, अर्जेन्द्र सिंह, विजय पहलवान, वीरेश राणा, पप्पू, रामेंद्र सिंह, डॉक्टर शरीफ, सोनू, योगेंद्र सिंह पोला, सूरज, मास्टर राम अवतार, रजत, दुष्यंत, कामेंद्र सिंह, सत्यम, राजबाबू, कमलवीर, अनिल चौहान, ऋषभ कुमार आदि मौजूद रहे।

## डॉ. अरीबा ने नजीबाबाद का नाम रोशन किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के आगोश चैरिटेबिल हॉस्पिटल के वरिष्ठ दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. इमरान शेख की पत्नी डॉ. अरीबा अंसारी ने इंडियन बुक ऑफ रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराकर नजीबाबाद का नाम रोशन किया है, जिसके लिए उन्हें बधाई मिलने का सिलसिला जारी है।

# चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने किया नए ट्यूबवैल का शुभारंभ



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के मौहल्ला सानियान में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने नए ट्यूबवैल का उद्घाटन किया। इस ट्यूबवैल के चालू होने से मौहल्ला सानियान सहित आसपास के कई क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति बेहतर होगी। लम्बे समय से आ रही पानी की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। जनता की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्य लगातार जारी है। इस मौके पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार, प्रधान लिपिक मौ. सादिक बेग सहित कई सभासद मौजूद रहे।

# बीएसए को सम्मानित किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिये शिक्षकों को प्रेरित कर उनका हौसला बढ़ाने, सर्वाधिक नामांकन कराने व शिक्षक हितों की रक्षा कर उनके हितों के लिये कार्य करने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन, जिलाध्यक्ष सुधाकर चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद अजय पाल, अध्यक्ष किरतपुर अजय सिंह, शिक्षक नेता महेंद्र सिंह आदि ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर उनका सम्मान करते हुए समायोजन तथा प्रोन्नत वेतनमान आदि पर भी विस्तार से चर्चा की।




# एक स्कूल की एक भी शिक्षिका की जनगणना में ड्यूटी ना लगना बना चर्चा का विषय

नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के समग्र विद्यालय श्यामीवाला की सात शिक्षिकाओं में से एक भी शिक्षिका की जनगणना कार्य में ड्यूटी ना लगना चर्चा का विषय बना हुआ है। जनगणना 2027 के कार्य में सभी विद्यालयों के सरकारी टीचरों की ड्यूटी लगाई गई है। क्षेत्र के समग्र विद्यालय श्यामीवाला की सात में मात्र एक शिक्षिका की जनगणना कार्य में ड्यूटी लगाई गई थी, जिस शिक्षिका की ड्यूटी जनगणना में लगाई गई थी, उसकी ड्यूटी भी उक्त शिक्षिका का चयन एआरपी कोतवाली ब्लॉक में होने पर बाद में उसकी ड्यूटी भी हटा ली गई। इस विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं को जनगणना ड्यूटी से कैसे बचा लिया गया तथा इनमें से किसी भी शिक्षिका को ड्यूटी में नहीं लगाई गया यह शिक्षा विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भीषण गर्मी लोगों को झुलसा रही, बार-बार फाल्ट से बिजली नहीं आ रही

नजीबाबाद (चिंगारी)। लगातार पड़ रही भीषण गर्मी लोगों को बुरी तरह से झुलसा रही है। गर्मी के बीच बिजली की बढ़ती कटौती, बार-बार फाल्ट आने व कम वोल्टेज की समस्या लोगों को रूला रही है। भीषण गर्मी के साथ लोगों को रात-दिन बिजली की आंख मिचौनी झेलनी पड़ रही है। जिससे लोग गर्मी में पसीना-पसीना हो रहे है। सुबह से ही तपते सूरज व तेज धूप के कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। घंटो-घंटों के लिए बिजली गायब हो रही है। जितने समय बिजली आ रही है, वोल्टेज इतने कम है कि बिजली के उपकरण शोपीस बने हुए है। कल संतोमालन में टूटे तार को बदलने के लिए दोपहर में भीषण गर्मी के बीच बिजली विभाग को घंटों का शट डाउन लेना पड़ा, आज 132 केवी बिजलीघर पर कार्य के चलते दोपहर में घंटों के लिए काफी बड़े क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिससे गर्मी में बिजली ना आने से सभी लोग परेशान रहे।

# सीएम से की करोड़ों रूपए की सरकारी वनभूमि के भ्रष्टाचार की जांच की मांग

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे शिकायती पत्र में करोड़ों रूपये मूल्य की सरकारी वन भूमि, पीडब्ल्यूडी सड़क एवं सरकारी भूमि की कथित अवैध बिक्री, जालसाजी, विभागीय लापरवाही एवं भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई कराने की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि नजीबाबाद तहसील के नांगलसोती स्थित खसरा संख्या 416 से संबंधित प्रकरण आपके संज्ञान में लाना आवश्यक है। शिकायत के अनुसार उक्त खसरा एक अविभाजित भूमि है, जिसमें वन विभाग सहित अन्य हिस्सेदारों का भी अधिकार है। इसके बावजूद बिना विधिवत सीमांकन एवं वैधानिक प्रक्रिया के भूमि की कथित खरीद-फरोख्त कर दी गई है, जिससे सरकारी वन भूमि, पीडब्ल्यूडी सड़क एवं अन्य सरकारी सम्पत्तियों को नुकसान पहुंचने की आशंका उत्पन्न हो गई है। मामला यह है कि खसरा संख्या 416 मिनजुमला का अभी तक विधिवत बंटवारा नहीं हुआ है। शिकायत के अनुसार कुछ व्यक्तियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की कथित मिलीभगत से बिना सीमांकन के भूमि की अवैध सीमाएं निर्धारित कर तथा कथित रूप से फर्जी चक मार्ग दर्शाकर 14 मई 2025 को बैनामा कर दिया। आरोप है कि संख्या नम्बर-416 का विधिवत सीमांकन नहीं हुआ था। जिसकी जानकारी शायद क्रेता विक्रेता गवाहों को बैनामा में संलग्न भू चित्र/नक्शा के आधार पर पहले से थी इसीलिए शायद कोई स्वतंत्र गवाह नहीं लिया। इसके बावजूद भूमि की सीमाएं दर्शाकर तथा कथित रूप से चक मार्ग दर्शाकर बैनामा किया गया। यह कार्रवाई बैनामा प्रथम दृष्टया जालसाजी एवं धोखाधड़ी का मामला प्रतीत होती है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि उक्त खसरे में वनविभाग का भी हिस्सा मौजूद है। वनविभाग को सूचना दिए जाने के बावजूद कथित अवैध विक्रय को रोकने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए है।

# खुर्शीद मंसूरी को विधानसभा भेजने का संकल्प लिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर पंचायत साहनपुर के मौहल्ला नद्दाफान में 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद लगातार सडक से लेकर सदन तक जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं, इसलिए दलित, मुस्लिम, पिछडा एवं सर्वसमाज के लोग उनके नेतृत्व में एकजुट हो रहे हैं। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पिछड़ गया है। अब क्षेत्र की जनता परिवर्तन चाहती है व आगामी विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर खुर्शीद मंसूरी को विधानसभा भेजने का संकल्प ले रही है। सईद अहमद की अध्यक्षता एवं उबैद नजीबाबादी के संचालन में बैठक में अब्दुल हकीम, मुन्ने, हाजी जाकिर, महबूब, रईसुद्दीन, नजाकत, मुस्तफा, नौशाद, इमरान मंसूरी, तसलीम सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सफाईकर्मियों ने प्रदर्शन किया, ईओ ने नोटिस दिया



**नहटौर ( चिंगारी )।** सफाई कार्य को रोककर प्रदर्शन कर रहे कुछ कर्मचारियों के विरुद्ध पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस में लिखित शिकायत की गई है। जिसमें अकारण माहौल खराब करने का आरोप लगाया गया है। वहीं अनुपस्थित पाए गए पांच कर्मचारी का भी वेतन काटा गया है।

मंगलवार को सफाई कर्मचारी अर्जुन वाल्मीकि के नेतृत्व में कुछ कर्मचारियों द्वारा प्रदर्शन किया गया। उनकी मांग थी कि डोर टू डोर कर्मचारियों की वेतन सूची उपलब्ध कराई जाए। पालिका कार्यालय में मंगलवार की दोपहर की हाजिरी पर कर्मचारी पालिका के गेट पर बैठकर काम न करने की बात कहते हुए प्रदर्शन करने लगे। बताया जाता है कि

## पुलिस में तहरीर भी दी

मौके पर 44 कर्मचारी मिले, जबकि 100 कर्मचारी अपने क्षेत्र में काम पर चले गए थे। जिस पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने एक कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रार्थना-पत्र पुलिस को दे दिया है। नोटिस बोर्ड पर भी नोटिस चस्पा कर दिया है। अधिशासी अधिकारी ओमगिरि ने बताया कि 44 कर्मचारियों ने अनावश्यक रूप से माहौल खराब करने का प्रयास किया है। जिनके द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। उन्होंने बताया कि पूर्व में पांच कर्मचारियों का भी अनुपस्थित रहने पर वेतन काटा गया था। बिना सूचना कार्य रोकने का कोई कारण नहीं बताया गया, जबकि 15 दिन पूर्व अवगत कराना होता है। उन्होंने यह भी बताया कि 2 जून से कर्मचारियों के बिना अनुमति प्रदर्शन करने की रोक लगी हुई है।

# डम्पर ने वृद्ध को कुचला, मौत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के मोहल्ला नगर निवासी वृद्ध रामकुमार ( 70 वर्ष ) बुधवार की सुबह समय करीब आठ बजे धौलागढ़ से साइकिल द्वारा दूध लेने गये थे। घर वापस लौटते समय पीछे से तेज गति से आ रहे डम्पर ने उन्हें कुचल दिया। वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा बगैर किसी कार्यवाही के शव को घर ले गए। घटना के बाद चालक डम्पर को मौके पर छोड़कर फ़रार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने डम्पर को कब्जे में ले लिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। डम्पर को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक फ़रार है। तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।



घटना के बाद मौके पर एकत्रित भीड़

# वेल्डिंग करते समय बस में आग लगी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आज दोपहर वेल्डिंग करते समय प्राइवेट बस में आग लग जाने से लाखों रुपए का नुक़सान हो गया। लोगों ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। यहां चांदपुर में जलीलपुर रोड पर प्राइवेट बस यूपी 12 एटी 5338 में वेल्डिंग का कार्य हो रहा था। इसी दौरान बस में आग लग गई। जिससे अफ़रा-तफ़री मच गई। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गये। सूचना पर फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई। बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया जा सका।

# खुद दूसरे के संग चली गई, बेटी को भी साथ ले गई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** एक व्यक्ति ने अपनी बेटी की सकुशल बरामदगी की मांग करते हुए आरोपियों का विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## पति ने लगाई बेटी की बरामदगी की मांग

ग्राम जयनगर निवासी सिखराम के पुत्र जितेंद्र कुमार ने थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसकी पत्नी कामिनी ग्राम सरदारपुर छावली निवासी प्रमोद उर्फ भूरे पुत्र रणजीत सिंह के साथ चली गई थी। गत 24 अप्रैल को उसके व पत्नी कामिनी के बीच समझौता हुआ, जिसके तहत कामिनी प्रमोद के साथ ही रहने पर राजी हुई। जितेंद्र का कहना है कि वह उसकी 10 वर्षीय पुत्री निधि को भी एक दो दिन के लिए कहकर अपने साथ ले गई, जिसका अभी तक कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। जितेंद्र ने पुलिस को अवगत कराया कि इनसे उसकी पुत्री की जान व इज्जत का खतरा है। उसने अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी व आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की पुलिस से मांग की है। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि जितेंद्र कुमार की तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 87 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले में जरूरी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# जीएसटी अधिकारियों ने की वाहनों में लदे माल की चैकिंग

**स्योहारा ( चिंगारी )।** जीएसटी की टीम ने घंटों नगर के फव्वारा चौक पर माल वाहक वाहनों की चैंकिंग की और माल तथा बिलों का निरीक्षण किया। टीम मुरादाबाद से ठाकुरद्वारा की ओर जा रही थी। टीम में अस्सिटेंट कमिश्नर जीएसटी मनमोहन वर्मा व पंकज मिश्रा संयुक्त रूप से चैंकिग कर रहे थे। जानकारी देते हुए मनमोहन वर्मा ने बताया कि वह मुरादाबाद से आ रहे हैं और माल वाहक वाहनों की चैंकिंग कर रहे हैं कि जो माल गाड़ी में है, उसका बिल है या नहीं। उन्होंने बताया कि अभी तक कोई मॉल ऐसा नहीं पाया गया है, जिसका बिल न मिला हो। अगर मिलता है तो वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# प्लाट में लगा हुआ कूड़े का ढेर रोग फैलने में नहीं लगेगी देर



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** रतनपुर खुर्द गांव में मंडी स्थल के समीप खाली पड़े प्लॉट में गांव के कुछ लोगों द्वारा गंदगी और कूड़ा डाला जा रहा है। उससे उठती दुर्गंध से आसपास के परिवारों का सांस लेकर दूभर हो गया है। इसी कारण बरसात में यहां जानलेवा संक्रमित बीमारियों के फैलने की आशंका है। गौरव, सचिन, अमरपाल, कुंवरपाल, सनी, ज्ञानचंद आदि ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत के बावजूद समस्या जस की तस बनी है। उनका कहना है कि जब अभी से यह हाल है, तो बरसात के दिनों में तो और भी विकट समस्या बन जाएगी।

# सूर्य नमस्कार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में किया जाये शामिल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर के सदस्यों ने योग एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग विषय पर चर्चा करते हुए कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर योग के महत्व को समस्त विश्व को समझाते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने के लिए सहमत किया। इसके लिए सरकार बधाई की पात्र है किंतु इस योग दिवस में आसनों में सर्वश्रेष्ठ आसन सूर्य नमस्कार जिसमें स्वयं में 12 आसन सम्मिलित है, को सम्मिलित न करना उचित नहीं है। कहते हैं यदि अकेला सूर्य नमस्कार ही कर लिया जाए तो और किसी अन्य आसन करने की आवश्यकता ही नहीं है। सूर्य नमस्कार एक ऐसा आसन है, जो मस्तिष्क और शरीर दोनों को लाभ पहुंचाता है। इसके अभाव में वास्तव में योग अपूर्ण है। हम सरकार से अपेक्षा करते हैं कि सूर्य नमस्कार को भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में शामिल किया जाए। योगासन में एडवोकेट राजीव चौहान, वीरेंद्र कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक आशाराम सिंह, कमलवीर सिंह, राकेश कुमार शर्मा, रतीराम सिंह, संजीव, डॉ. प्रमोद कुमार, अशोक कुमार यादव आदि की उपस्थिति रहे।

# गांव होंगे प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छता मानकों पर खरा उतरने वाले ग्रामों को मिलेगा प्रमाण-पत्र

## जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट समिति की समीक्षा बैठक में सीडीओ रणविजय सिंह के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन मैनेजमेंट समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त ग्राम, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम तथा जल निकासी व्यवस्थाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।**



### बरसात से पहले तालाबों, नालों और जल निकासी स्रोतों की सफाई पर जोर

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद के ग्रामों को चरणबद्ध तरीके से प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रभावी रोक लगाने, जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा प्लास्टिक कचरे के समुचित संग्रहण एवं निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले ग्रामों का सत्यापन कर उन्हें प्लास्टिक मुक्त ग्राम घोषित किया जाए तथा प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए जाएं। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए तालाबों, नदियों, नालों एवं अन्य जल निकासी स्रोतों की समयबद्ध सफाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बरसात से पूर्व जलभराव और जल निकासी संबंधी समस्याओं की रोकथाम के लिए सभी नालों एवं जल स्रोतों की सफाई समय से कराई जाए, जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे। ओडीएफ सस्टेनेबिलिटी रेटिंग (ओएसआर) की समीक्षा के दौरान विकासखंड अफजलगढ़, स्योहारा एवं हल्दौर की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता सहित सभी नगर निकाय क्षेत्रों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिजनौर इंटर कॉलेज के पास दुकानों को बंद कराने पर व्यापारियों में रोष

**बिजनौर (चिंगारी)।** पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र के आसपास दुकानें बंद कराने को लेकर दुकानदारों में रोष है। बिजनौर इंटर कालेज के पास स्पोर्ट्स के सामान की दुकान चलाने वाले महताबुद्दीन का कहना है कि नगर के अन्य परीक्षा केंद्रों के पास सभी दुकानें खुली रहती हैं, लेकिन बिजनौर इंटर कॉलेज के आसपास की दुकानों को पुलिस द्वारा बंद करा दिया जाता है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। महताबुद्दीन सहित कई दुकानदारों का आरोप है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों से 200 मीटर की दूरी के भीतर केवल फोटोस्टेट और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों को बंद रखने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पहले भी कॉलेज प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है कि उनकी दुकानें उक्त श्रेणी में नहीं आतीं। व्यापारियों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# भाकियू की मासिक पंचायत में खराब सड़कों का मुद्दा उठा



अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता।

**नूरपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत मंगलवार को गन्ना समिति में आयोजित की गई। पंचायत की अध्यक्षता राजवीर सिंह एवं संचालन मास्टर देवेन्द्र सिंह ने किया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष चौ. चन्द्रपाल सिंह ने नूरखुर गौधाम चौकी से चान्दपुर तक खराब सड़क को ठीक कराने व धौलागढ़ में सड़क पर गड्ढे ठीक कराये जाने व किसानों को अवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की। पंचायत में खण्ड विकास अधिकारी व पीडब्ल्यूडी के जेई चन्द्रवीर सिंह व सहकारी गन्ना समिति के बाबू को अलग-अलग ज्ञापन सौंपा गया।

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह, जिला संगठन मंत्री मास्टर देवेन्द्र सिंह, चौधरी शीशपाल सिंह, ऋषिपाल सिंह, मास्टर लटूर सिंह, मनोज सैनी, जैकी यादव, राजवीर सिंह, गौतम सिंह, विनित धनकड़, शिवकुमार, कामेन्द्र सिंह, नगर अध्यक्ष कफ़ील सैफ़ी, उदयवीर सिंह, डॉ. इशरत अली वारसी, गफ्फार अहमद, समरपाल यादव, कल्याण सिंह, मौहम्मद शाकिर, लोकेश कुमार, रवि चौधरी, अभय चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दामाद की कर दी पिटाई, अब पुलिस करेगी कार्रवाई

**नूरपुर (चिंगारी)।** रैहटा बिल्लोच निवासी शानू पुत्र कायम अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 1 जून को वह अपने घर पर था। इस दौरान उसके घर पर उसका ससुर फिरासत अली, सास कमर जहां, साले यासर व फरमी निवासी ग्राम मस्तल्लीपुर, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) उसके घर पर आए तथा गाली गलौज करते हुए उसके व उसके परिवार के साथ मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देखकर जान से मारने की धमकी देकर चले गए तथा उसकी पत्नी इकरा हसन को भी साथ ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक सप्ताह बाद ससुराल पक्ष की एक महिला समेत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# 16वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से

**नांगल सोती (चिंगारी)।** 16 वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन खादर क्षेत्र में 12 जून से शुरू होगा। प्रतियोगिता के आयोजक सेवानिवृत्त फौजी डालचंद पाल ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता खादर क्षेत्र में गंगा मंदिर के समीप स्थित मैदान पर आयोजित होगी। प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें प्रतिभाग करेंगी। 12 टीमों को ए, बी, सी तथा डी चार ग्रुपों में विभाजित किया गया है। 12, 13, 14 तथा 15 जून को तीन-तीन लीग मैच आयोजित होंगे, जो अपराहन 2.30 बजे से शुरू होकर अपराहन 5.30 बजे तक चलेंगे। 17 जून को दोनों सेमीफाइनल तथा 18 जून को फाइनल आयोजित होगा। फाइनल मैच अपराहन 3.30 बजे से शुरू होगा।

# आवारा कुत्तों ने दो बच्चों को काटकर घायल किया

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर में आवारा घूमने वाले कुत्तों से नगरवासी परेशान हैं। मंगलवार को कुत्तों ने दो मासूम बच्चों पर हमला कर दिया। मंगलवार को नगर के मुहल्ला सरायरफी निवासी सिकंदर का 5 वर्षीय पुत्र रोहान व चांदपुर में अपनी रिश्तेदारी में आई दिल्ली निवासी आयजा (4 वर्ष) घर के बाहर खड़े थे, तभी उन पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से दोनों मासूम बच्चे घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले जाया गया। मालूम हो कि नगर में इस समय सैकड़ों आवारा कुत्तों को लेकर लोगों में अपने छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। विगत माह भी मुहल्ला मुफ्ती सराय में आवारा कुत्ते ने एक बच्ची पर हमला कर उसको घायल कर दिया था। नगरपालिका अधिकारियों से अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की जा रही है।



# उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाले सिलिंडरों की संख्या घटाकर चार की

**बिजनौर/नांगल सोती (चिंगारी)। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना के तहत अब वर्षभर में केवल 4 एलपीजी सिलिंडरों पर ही सब्सिडी मिलेगी। सरकार के इस निर्णय से उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलायें खुद को ठगा सा महसूस कर रही हैं।**

### लाभार्थी गरीब महिलायें खुद को ठगा महसूस कर रहीं




प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना थी, जिसे मई, 2016 में शुरू किया गया था। मोदी सरकार ने इस योजना का खूब श्रेय भी लिया था। सरकार का कहना था कि उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को फ्री एलपीजी सिलिंडर देकर उन्हें लकड़ियों, उपलों आदि को चूल्हे में जलाने से निकलने वाले धुएं से मुक्ति दिलायी है। सरकार ने इस योजना को महिलाओं के लिये बेहद कल्याणकारी योजना बताया था, लेकिन अब सरकार ने इस योजना पर बड़ी कैंची चला दी है। शुरुआत में उज्ज्वला योजना के तहत एक वित्तीय वर्ष में सब्सिडी वाले 12 सिलिंडर देने की योजना शुरू की गई थी। अगस्त, 2025 में उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी वाले सिलिंडरों की संख्या घटाकर 9 कर दी गई थी। अब मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत दिये जाने वाले सब्सिडाइज्ड सिलिंडरों की संख्या पर बड़ी कैंची चलाई है। जून, 2026 में सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाले सब्सिडाइज्ड सिलिंडरों की संख्या केवल 4 कर दी है। यानी अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को पूरे वर्ष में सब्सिडी वाले केवल 4 सिलिंडर ही मिल सकेंगे। सरकार के इस निर्णय से उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलायें खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। लाभार्थी महिलाओं रेखा देवी, सुरेशा का कहना है कि सरकार पहले जहां इस योजना को शुरू करके खूब वाहवाही लूट रही थी, वहीं अब योजना को समेटती जा रही है। गायत्री देवी, शशि देवी का कहना है कि पूंजीपतियों को कर्ज माफी के नाम पर जमकर पैसा बांट रही, सरकार गरीबों की योजना पर कैंची चला रही है।

# प्रजापति महासभा के जिला उपाध्यक्ष बने डा. सुशील



**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष ने नगर के मुहल्ला चिम्मन निवासी डा. सुशील कुमार दक्ष को संगठन का वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष मनोनीत कर उनसे संगठन को मजबूत बनाने तथा प्रजापति समाज के उत्थान के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

# 11 हजार की दूसरी लाइन भी बस्ती से निकाली जा रही


ग्रामीणों ने किया विरोध

खासपुरा ( चिंगारी )। खासपुरा गांव में 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन घरों के ठीक ऊपर से गुजर रही है। यह लाइन ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। जिसको हटाने के लिए उसी मोहल्ले से रोड किनारे 11000 की लाइन लगाई जा रही है, जिसका मोहल्लेवासी और ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीण यशपाल सिंह, महिपाल सिंह, लोकेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सरदार पप्पल सिंह, सीनू सिंह, रविंद्र सिंह, जीतेन्द्र सिंह का कहना है कि मोहल्ले में 8 फीट चौड़ा रास्ता है। इसी मोहल्ले में जूनियर हाईस्कूल भी है, जिससे आने वाले समय में 11000 की लाइन मोहल्ले में निकलने से कोई गंभीर घटना घट सकती है। यह लाइन मोहल्ले से न निकलकर गांव के मेन रास्ते से ले जाकर बिजली ट्रांसफर तक जाए, जो सबसे उचित समाधान होगा। ग्राम प्रधान खासपुरा विनीता कुमारी का कहना है कि 11000 की लाइन लोगों के घरों के ऊपर गुजर रही है, बिजली विभाग कर्मचारी द्वारा इन तारों को हटाकर नये खंबे लगाकर केबिल डाला जा रहा है। ऊर्जा निगम हल्दौर के एसडीओ अभय प्रताप सिंह ने कहा कि इस विषय की जानकारी नहीं है। मोहल्ले में 11000 की लाइन नहीं निकाली जाएगी, जेई से बात करके नियम अनुसार आगे का कार्य कराया जाएगा।

# एडीओ अजय पाल को भावभीनी विदाई

बिजनौर ( चिंगारी )। सहायक विकास अधिकारी (ग्राम्य विकास) अजय पाल के स्थानान्तरण के उपलक्ष्य में विदाई समारोह आयोजित किया गया। विकास खण्ड हल्दौर के सभागार में आयोजित विदाई समारोह की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत प्रमुख चौ. विजेन्द्र सिंह एवं संचालन विकास यादव बी.एम.एम. ने किया। विदाई समारोह में उपस्थित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख श्री विजेन्द्र ने कहा कि सहायक विकास अधिकारी अजय पाल ईमानदार एवं कर्मठ इंसान हैं। इनके समय में हल्दौर विकास खण्ड में काफी प्रगति हुई है। इनका व्यवहार और मानवीय दृष्टिकोण उत्तम है। सहायक विकास अधिकारी अरेन्द्र सिंह ने कहा कि अजय पाल जैसे सरकारी सेवक हमेशा यादों में रहने वाले हैं। उन्हें उम्मीद है कि वह पीलीभीत में भी शासकीय कार्यों में अच्छी भूमिका निभायेंगे। समारोह में चारों कस्टर की समूह की महिलाओं ने, विकास खण्ड स्टाफ, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी स्टाफ एवं एन.आर.एल.एम. स्टाफ ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर अजय पाल का स्वागत किया।



# पुलिस ने चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद कीं

## दो बाल अपचारी अभिरक्षा में लिए गए

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। स्थानीय पुलिस ने बाइक चोरी की घटनाओं का बड़ा खुलासा करते हुए चोरी की 3 मोटरसाइकिलें बरामद कर दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया, जबकि उनकी निशान देही पर एक बाइक नहीं मिल पाई। थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने जानकारी देते हुए बताया कि चैकिंग के दौरान प्रकाश में आए बाइक चोरी के आरोपी दो बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेकर उनसे पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने कई बाइकें चोरी करना स्वीकार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गये बाल अपचारियों से योगेंद्रपाल सिंह पुत्र ज्ञान सिंह निवासी मोहल्ला किला अफजलगढ़ की चोरी हुई मोटरसाइकिल ( संख्या P20AV0871 ), संजय कुमार पुत्र स्व. वेदप्रकाश भार्गव मोहल्ला गौहरअली खां अफजलगढ़ की चोरी हुई मोटरसाइकिल ( संख्या UP20BY8947 ) तथा पवन कुमार पुत्र रामचंद्र सिंह निवासी ग्राम हिदायतपुर थाना अफजलगढ़ की चोरी हुई मोटरसाइकिल ( संख्या P20AV0210 ) बरामद की गई। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने आगे बताया कि दोनों बाल अपचारियों द्वारा बताई गई निशानदेही पर वादी इंतजार पुत्र जुल्फिकार निवासी मोहल्ला जैनुल आबिदीन अफजलगढ़ की मोटरसाइकिल ( संख्या UP20AW2182 ) मौके से बरामद नहीं हो पाई।**

# तल्हा मकरानी के तीन सवालों का जवाब देगी ईदगाह कमेटी

किरतपुर ( चिंगारी )। ईदगाह कमेटी किरतपुर से पिछले 2 सप्ताह से एड. तलहा मकरानी तीन सवाल प्रार्थना-पत्र व सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार पूछ रहे थे। तल्हा मकरानी की कमेटी के अध्यक्ष डॉ. एहसानुल करीम व सचिव मजहर नामी से कल दोपहर वार्ता हुई, जिसमें यह तय पाया गया है कि 3 प्रश्नों के हल जल्द ही उलमा ए हजरात और नगर के गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क करके उन्हीं की रहनुमाई के मुताबिक निकाला जाएगा। गौरतलब है कि तल्हा मकरानी ने ईदगाह कमेटी से कुछ सवालों के जवाब मांगे थे। ईदगाह कमेटी द्वारा जवाब नहीं दिए जाने पर मकरानी ने 10 जून को इस संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने की बात कही थी। उसी को लेकर ईदगाह कमेटी ने तल्हा मकरानी से वार्ता की जिस पर तल्हा मकरानी ने डीएम को ज्ञापन देने का मामला स्थगित कर दिया है।



# मां शेरावाली की मूर्ति के कपड़ों में आग लगी

शेरकोट ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम महमदाबाद स्थित देवस्थल पर रखी मां शेरावाली की मूर्ति के कपड़ों में रहस्यमय ढंग से आग लगने से हिंदू समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। इस मामले में पुलिस ने एक ग्रामीण की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। ग्राम महमदाबाद के बाहर स्थित देव स्थल में मां शेरावाली की मूर्ति स्थापित है। ग्रामवासी शौनाथ सिंह, सौबीर सिंह, जगजीवन सिंह, मुन्नू सिंह, जसवंत सिंह, ओमप्रकाश, राजेन्द्र सिंह आदि ने बताया कि मंगलवार की सुबह गांव की रहने वाली गीता देवी जब पूजा करने पहुंची तो वहां रखी मूर्ति के सारे कपड़े जले हुए मिले। इस बात का पता लगने पर हिंदू समाज के लोगों में रोष व्याप्त हो गया और काफी महिलाएं व पुरुष मौके पर जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को जांच कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके उपरांत दोपहर में हिंदू समाज के लोग एकत्रित होकर थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि शौनाथ सिंह की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उन्होंने बताया कि गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है।



# आरक्षण के मुद्दे पर सपा का दोहरा चरित्र - रामनाथ

बिजनौर ( चिंगारी )। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुरादाबाद मंडल महासचिव रामनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी और उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आरक्षण के मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला है। उन्होंने एक बयान में कहा कि आज समाजवादी पार्टी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के आरक्षण को लेकर अत्यधिक चिंता जताती दिखाई दे रही है, लेकिन उसका राजनीतिक इतिहास इसके विपरीत रहा है।

रामनाथ सिंह ने कहा कि जब संसद में आरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण विधेयक प्रस्तुत किया गया था, तब समाजवादी पार्टी के तत्कालीन सांसद यशवीर सिंह धोबी, जो नगीना लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे, ने संसद के भीतर ही उस विधेयक की प्रति फाड़ दी थी। यह घटना उस समय राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी थी। उन्होंने कहा कि सबसे हैरानी की बात यह थी कि आरक्षित वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए संसद पहुंचे सांसद द्वारा ही आरक्षण से जुड़े विधेयक का विरोध किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह घटना समाजवादी पार्टी की वास्तविक सोच और मानसिकता को दर्शाती है। उनके अनुसार, पार्टी ने हमेशा आरक्षण के मुद्दे पर राजनीति की है, लेकिन जब आरक्षण को मजबूती देने की बात आई तो उसका विरोध किया गया। आज सत्ता से बाहर होने के बाद समाजवादी पार्टी को पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के हितों की चिंता सताने लगी है, जबकि सत्ता में रहते हुए उसने इन वर्गों के उत्थान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया हवन-पूजन

**नूरपुर ( चिंगारी )। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नूरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने चामुण्डा धाम मन्दिर पर हवन-पूजन कर देश में सुख-समृद्धि एवं शान्ति स्थापित होने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।**

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज स्वतंत्र भारत की राजनीति में सबसे आगे निकल गए हैं। निशांत कर्णवाल ने केन्द्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश भाटी, मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, मोरना मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी, सहसपुर मंडल अध्यक्ष खजान पाल, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सी.पी.सिंह, मंडल महामंत्री वीरप्रकाश भुइयार, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप राणा, प्रेमपाल रवि, गजेंद्र सैनी, प्रमोहन चौहान, मंडल मंत्री राहुल यादव, सतीश चौहान, विनोद पीबाल, सुरेंद्र पाल, भाजपा नेता विनोद चौहान, ईशमपाल चौधरी, हरभजन सिंह, मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह भुईयार आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


हवन करते भाजपाई।

# आई.एफ.एस. प्रशिक्षार्थियों ने किया कार्बेट टाइगर रिजर्व का शैक्षणिक भ्रमण

**कालागढ़/अफ़ज़गढ़ ( चिंगारी )।** भारतीय वन सेवा (आई.एफ.एस.) के प्रशिक्षार्थियों के एक दल द्वारा 8 व 9 जून को कार्बेट टाइगर रिजर्व के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का शैक्षणिक एवं अध्ययन भ्रमण किया गया। डॉ. साकेत बडोला (IFS), फील्ड डायरेक्टर, कार्बेट टाइगर रिजर्व के निर्देशानुसार (आई.एफ.एस.) के प्रशिक्षार्थियों को कार्बेट टाइगर रिजर्व में संचालित वन्यजीव संरक्षण, प्राकृतिक वासस्थल प्रबंधन, निगरानी व्यवस्था तथा पर्यटन प्रबंधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। 08 जून को प्रशिक्षार्थियों के दल ने कार्बेट टाइगर रिजर्व के लालढांग ग्रासलैण्ड क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्हें ग्रासलैण्ड प्रबंधन, वन्यजीव आवास संरक्षण तथा जैव विविधता संवर्धन की विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त विभागीय हाथियों के महत्व, उनके रख-रखाव, प्रशिक्षण एवं वन एवं वन्यजीव संरक्षण कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।



09 जून को प्रात: प्रशिक्षार्थियों ने धनगढ़ी इंटरप्रिटेशन सेंटर का भ्रमण किया, जहां उन्हें कार्बेट टाइगर रिजर्व के इतिहास, समृद्ध जैव विविधता, वन पारिस्थितिकी तथा वन्यजीव संरक्षण संबंधी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। तत्पश्चात धनगढ़ी स्थित नेचर शॉप का भ्रमण कराया गया, जहां श्री धर्मपाल सिंह नेगी, वन दरोगा द्वारा नेचर शॉप की अवधारणा, स्थानीय समुदाय की सहभागिता तथा प्रकृति संरक्षण जागरूकता में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

## वन्यजीव प्रबंधन एवं संरक्षण गतिविधियों की प्राप्त की विस्तृत जानकारी

इसके उपरांत प्रशिक्षार्थियों ने कार्बेट टाइगर रिजर्व कार्यालय स्थित टाइगर सेल का भ्रमण किया। इस अवसर पर श्री बिन्दर पाल, पार्क वार्डन, कार्बेट टाइगर रिजर्व एवं श्रीमती प्रेमा तिवारी, टाइगर सैल प्रभारी द्वारा आधुनिक सर्विलांस कैमरों एवं तकनीकी संसाधनों के माध्यम से वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। तत्पश्चात कार्बेट टाइगर रिजर्व, रामनगर के सभागार में आई.एफ.एस. प्रशिक्षार्थियों हेतु एक विशेष प्रस्तुतीकरण (प्रेजेन्टेशन) आयोजित किया गया। उक्त प्रस्तुतीकरण श्री राहुल मिश्रा (IFS), उपनिदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा प्रदान किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में श्री राहुल मिश्रा (IFS), उपनिदेशक, कार्बेट टाइगर रिजर्व, अमलन शाह, प्रशिक्षु (IFS), मध्यप्रदेश, आरूषी मिश्रा, प्रशिक्षु (IFS), उत्तर प्रदेश, धनीशा, बनिवाल, प्रशिक्षु (IFS), श्री युवराज सिंह, प्रशिक्षु (IFS), श्री कौशल, प्रशिक्षु (IFS), डॉ. मोहम्मद अंसारी, वैज्ञानिक, श्री मनीष कुमार, DCF, श्री आशीष बिश्नोई, प्रशिक्षु (IFS) AGMUT, जम्मू, श्री जसवंत सिंह मीना, प्रशिक्षु (IFS) मध्यप्रदेश, श्री सुमेध प्रशिक्षु (IFS), छत्तीसगढ़, श्री देबासीस जीना, प्रशिक्षु (IFS), उत्तरप्रदेश, श्री रविकांत मिना प्रशिक्षु (IFS), ओडिशा, श्री बिन्दर पाल, पार्क वार्डन, श्री नवीनचन्द्र पाण्डे, वन क्षेत्राधिकारी, बिजरानी श्री प्रमोद त्रिपाठी वन क्षेत्राधिकारी, शोध एवं अनुश्रवण रेंज, श्रीमती प्रेमा तिवारी, वन आरक्षी, टाइगर प्रभारी, श्रीमती रूकमणी रावत, टाइगर सैल एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल का 11वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बैराज रोड स्थित पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल का 11वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हॉस्पिटल की एमडी श्रीमती सविता मित्तल के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. हरीश मित्तल ने कहा कि पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल ने विगत 11 वर्षों में क्षेत्रवासियों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की हैं। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों के योगदान को भी याद किया।

स्थापना दिवस पर हॉस्पिटल में नि:शुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 350 मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनकर राणा, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. साक्षी चौहान, जनरल एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. अनुविभू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मौ. कामिल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. इकबाल एवं जनरल फिजिशियन डॉ. दिग्विजय सिंह ने मरीजों को स्वास्थ्य सेवायें दीं।



## मॉडयूलर ओ.टी. का शुभारंभ

**पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के स्थापना दिवस के अवसर पर हॉस्पिटल में नये मॉड्यूलर ओ.टी. का शुभारंभ चेयरमैन डॉ. हरीश मित्तल एवं एमडी श्रीमती सविता मित्तल के द्वारा हवन पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर हॉस्टिल के बाहर पंडाल लगाकर तीमारदार, मरीजों एवं राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एचआर श्रीमती प्रीति सिसोदिया, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर सीपी सिंह, प्रबंधक वीरेंद्र एवं समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।**

# शक्कर का नमूना भरा

**किरतपुर ( चिंगारी )। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने ऑनलाइन प्राप्त शिकायत के आधार पर अनाज मंडी स्थित हसीब गुड़ वाले की दुकान पर छापेमारी कर शक्कर का नमूना संग्रहित किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेश कुमार ने टीम के साथ दुकान पर पहुंचकर जांच की और शक्कर का नमूना लेकर उसे परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया। उन्होंने बताया कि विभाग को ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि नमूने की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र के खाद्य कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति रही। विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।**




# बिजली संबंधी समस्याओं का हो अंत दफ्तर पर जा चढ़ी भाकियू अनंत

**नगीना ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (अनंत) के कार्यकर्ताओं ने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर सोमवार को बिजली दफ्तर का घेराव किया। बाद में बढ़ापुर क्षेत्र में मासिक विद्युत समस्या समाधान कैंप आयोजित कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। युवा तहसील प्रभारी रियाज़ अंसारी एवं नगर प्रभारी अतीक अहमद के नेतृत्व में पहुंचे भाकियू अनंत के पदाधिकारियों ने अधिशासी अभियंता को दिये ज्ञापन में कहा गया कि बढ़ापुर नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत दर्ज कराने अथवा निस्तारण कराने के लिए लगभग 14 किलोमीटर दूर नगीना स्थित उपखंड कार्यालय तक जाना पड़ता है, जिससे उनका समय और धन दोनों खराब होते हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि बढ़ापुर क्षेत्र में नियमित रूप से मासिक विद्युत समस्या समाधान शिविर आयोजित किए जाएं तथा इसके लिए उपखंड अधिकारी, बढ़ापुर को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं। भाकियू अनंत के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि क्षेत्र में ही मासिक शिविर लगाए जाएं तो उपभोक्ताओं की समस्याओं का समयबद्ध समाधान संभव होगा और उन्हें अनावश्यक भागदौड़ से मुक्ति मिलेगी। अधिशासी अभियंता ने मांग को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही बढ़ापुर क्षेत्र में मासिक विद्युत समस्या समाधान कैंप शुरू कराने का आश्वासन दिया। बाद में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद मसब, युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माजिद निसार, प्रदेश उपाध्यक्ष रफीक अहमद तथा छात्र सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रिहान एडवोकेट भी मौके पर पहुंच गए थे।



# सीएम पुष्कर सिंह धामी ने किया 'मेरी योजना' पुस्तक ऑडियो क्लिप का अनावरण



**देहरादून (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग द्वारा तैयार की गई 'मेरी योजना' पुस्तक के ऑडियो क्लिप का अनावरण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुस्तक में विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं को एक ही स्थान पर संकलित किया गया है, जिससे आम नागरिकों को योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुस्तक में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं के साथ-साथ स्वरोजगार, कौशल विकास, शिक्षा तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं की पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विभाग लगातार नवाचार करें तथा शासनादेशों को भी आमजन की समझ के अनुरूप सरल भाषा में जारी किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे अधिक समय तक कार्यकाल वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

इस मौके पर सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन दीपक कुमार ने कहा कि ये ऑडियो संस्करण, आकाशवाणी सहित अन्य रेडियो स्टेशन पर प्रसारित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इससे पहले विभाग 'मेरी योजना' पुस्तक के चार संस्करण प्रकाशित कर चुका है। साथ ही इसका डिजिटल संस्करण भी जारी किया जा चुका है। इस अवसर पर महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी भी मौजूद रहे।

## धीमी गति से चल रहा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण उड़ती रहती है धूल, यात्रीगण होते हैं परेशान

### सुरेन्द्र सिंह नेगी ने नितिन गडकरी को भेज पत्र

**कोटद्वार (चिंगारी)।** पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने राष्ट्रीय राजमार्ग 534 के अंतर्गत नजीबाबाद-कोटद्वार तथा कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग की अत्यंत खराब स्थिति एवं निर्माण कार्य में हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में उन्होने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र प्रेषित किया। पत्र में उन्होंने कहा है कि नजीबाबाद-कोटद्वार तथा कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग लंबे समय से जर्जर स्थिति में हैं। सड़क निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण क्षेत्र की जनता, यात्रियों, व्यापारियों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि नजीबाबाद- कोटद्वार के बीच मोटर मार्ग निर्माण कार्य के चलते उड़ रही धूल से वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से आग्रह किया है कि इतने महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारणों की उच्च स्तरीय समीक्षा कराई जानी चाहिए। कहा कि कोटद्वार उत्तराखंड का प्रवेश द्वार है और इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग आवागमन करते हैं। इसलिए इस सड़क का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि केंद्र सरकार जनहित से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर शीघ्र सकारात्मक कदम उठाएगी।

## महिला रामलीला का मंचन 19 जून से

**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर निगम क्षेत्र के ध्रुवपुर की जानकी महिला शक्ति रामलीला कमेटी की ओर से 19 जून से ध्रुवपुर स्थित एक बारात घर में रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला मंचन समिति की अध्यक्ष माया रावत ने बताया कि मंचन शाम को 4 बजे से लेकर रात 8 बजे तक किया जाएगा और महिला कलाकार ही रामलीला का मंचन करेंगें। मौके पर उन्होंने क्षेत्र के लोगों से रामलीला मंचन को सफल बनाने का आग्रह किया।

## डॉ. प्रेमचंद ने कूड़ाघर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने ऋषिकेश के गोविंद नगर स्थित कूड़ाघर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि उनके शहरी विकास मंत्री कार्यकाल में इस कूड़ाघर को हटाने के लिए सहमति प्रदान की गई थी, जिसकी लगभग 6 करोड़ 80 लाख की स्वीकृति अब मिल चुकी है। उन्होंने बताया कि कार्यदायी संस्था को 6 महीने के भीतर कूड़ा हटाने का कार्य सौंप दिया गया है। डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कूड़े के ढेर की लगातार बढ़ रही ऊंचाई को शीघ्र कम किया जाए तथा निर्धारित समयावधि के भीतर इस स्थान को पूरी तरह साफ कर आमजन को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने वन विभाग के डीएफओ को लाल पानी बीट में बनाए जा रहे नए कूड़ा डंपिंग जोन हेतु सड़क निर्माण कराने अथवा उसकी स्वीकृति प्रदान करने के निर्देश भी दिए, ताकि आगामी कार्यों में तेजी लाई जा सके और जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इस अवसर पर ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यान, मंडल महामंत्री दीपक बिष्ट, पूर्व पार्षद शिवकुमार गौतम,पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश आनंद, श्यामपुर मंडल अध्यक्ष चंद्रमोहन पोखरियाल, संजीव पाल आदि उपस्थित रहे।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## भट्टोवाला गोलीकाण्ड के आरोपी को किया गिरफ्तार



### क्षेत्रवासियों ने पुलिस का जताया आभार

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के भट्टोवाला में हुये गोलीकाण्ड में शामिल आरोपियों को पुलिस द्वारा मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किये जाने पर स्थानीय लोगों ने संतोष व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि इस घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जनता लगातार दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग कर रही थी। पुलिस प्रशासन द्वारा उक्त गोलीकांड में शामिल आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किए जाने पर कांग्रेस नेता जयेंद्र रमोला स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने श्यामपुर पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस अधिकारियों से कहा कि ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र सदैव शांति, सौहार्द और भाईचारे के लिए जाना जाता रहा है। ऐसे में भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि, अवैध हथियारों का प्रयोग, नशे का कारोबार अथवा क्षेत्र की शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ निरंतर और कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। रमोला ने बताया कि श्यामपुर पुलिस चौकी में पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया कि क्षेत्र की जनता अपराध और अपराधियों के खिलाफ पूरी तरह एकजुट है तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही मांग की गई कि क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखी जाए तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाकर उन्हें कानून के दायरे में लाया जाए। पुलिस अधिकारियों से मिलने वालों में प्रधान संगठन के अध्यक्ष गोकुल रमोला, ग्राम प्रधान संगीता राणा, पूर्व ग्राम प्रधान सतीश रावत, दिनेश चन्द्र मास्टर, ग्राम प्रधान बॉबी रांगढ, ग्राम प्रधान किशोरी पैन्यूली, दिनेश पंवार, आशीष बिष्ट, लालमणि रतूड़ी, सीताराम रणाकोटी, हिमांशु पंवार, विनोद चौहान, अरूण बिष्ट, विजयपाल रावत, विजयपाल पंवार, राजेंद्र गैरोला, शीशपाल रावत, मनोज गुसाई आदि शामिल थे।

## लालपानी में अभियान चलाया, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाया

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के निर्देशों के क्रम में जनपद में राजकीय भूमि पर अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी है। इस कड़ी में कोटद्वार तहसील प्रशासन द्वारा पटवारी क्षेत्र सनेह के लालपानी में अतिक्रमण हटाया गया। राजस्व विभाग को प्राप्त शिकायत तथा अभिलेखीय जांच में लालपानी स्थित लगभग एक बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने नियमानुसार कार्रवाई की। तहसील प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन की सहायता से हटाते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने कहा कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजकीय भूमि की सुरक्षा एवं सार्वजनिक हितों की रक्षा के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार राजेंद्र सनवाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम सहित कानूनगो अतर सिंह तथा पटवारी सीता मुयाल सहित अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# डिजिटल समृद्धि का नया आधार बनेगा प्रोजेक्ट गंगा- मुख्यमंत्री

## गांव-गांव तक हाई स्पीड डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ने किया प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के गांवों तक हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने, डिजिटल समावेशन को नई गति देने और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित करने की दिशा में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ किया। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों में लास्ट माइल डिजिटल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के साथ-साथ डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास और तकनीक आधारित रोजगार के नए अवसरों का विस्तार करेगी। प्रोजेक्ट गंगा के तहत प्रदेश में डिजिटल सेवा प्रदाताओं (डीएसपी) का एक व्यापक नेटवर्क विकसित किया जाएगा। इसके माध्यम से लगभग 20 लाख परिवारों तक हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाने, 8 से 10 हजार डिजिटल सेवा प्रदाता तैयार करने तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना के प्रथम चरण में 21 जनपदों में इसका संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। इंटरनेट की गति जितनी तेज होगी, विकास की रफ्तार भी उतनी ही तेज होगी। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट गंगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार गंगोत्री से गंगासागर तक मां गंगा का प्रवाह अपने मार्ग में आने वाले क्षेत्रों के विकास, समृद्धि और जीवन का आधार रहा है, उसी प्रकार प्रोजेक्ट गंगा भी उत्तर प्रदेश की डिजिटल समृद्धि का एक मजबूत आधार बनेगा। यह पहल गांवों तक डिजिटल अवसर पहुंचाकर सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई संभावनाएं सृजित करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में ई-ऑफिस, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), बीसी सखी, ग्राम सचिवालय सहित अनेक तकनीक आधारित पहलों के माध्यम से शासन और जनता के बीच की दूरी कम हुई है। इन प्रयासों ने डिजिटल सशक्तिकरण को नई गति दी है और आम नागरिकों तक सेवाओं की पहुंच को आसान बनाया है। प्रोजेक्ट गंगा इसी यात्रा का अगला महत्वपूर्ण चरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 21 जनपदों में प्रारंभ हो रही इस परियोजना को आगे चलकर प्रदेश की सभी 57 हजार ग्राम पंचायतों और लगभग आठ हजार न्याय पंचायतों तक पहुंचाना होगा।





धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com



MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR
URGENTLY REQUIRED
PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.ED/M.P.ED.)
LIBRARIAN
KINDERGARTEN
Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred
Transport Facilities available for Bijnor Staff
Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



हरिद्वार में
मकान, दुकान, प्लॉट, कृषि भूमि, फ्लैट
खरीदने और बेचने के लिए संपर्क करें
मकान दुकान प्लॉट कृषिभूमि फ्लैट
त्यागी प्रॉपर्टीज एंड कंस्ट्रक्शन
नवोदय नगर रोशनाबाद जनपद हरिद्वार
सोनू त्यागी: 9927537136
संजीव मिश्रा: 8869011345
अतुल गांधी: 9756527677